तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 17 अगस्त 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

3 पेनाल्टी शूट आउट में पीएम श्री जयनगर की टीम बनी न्यू टैलेंट प्रोत्साहन फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता

बच्चों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं आकर्षण का केंद्र

उत्साह के साथ मनाया गया आजादी का पर्व

सलामी लेते मंत्री रामविचार नेताम।

कृषि मंत्री नेताम ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

खास बात

- उत्कृष्ट कार्यों के लिए अधिकारी कर्मचारियों को किया सम्मानित

जिले में 80 वें स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने जिला मुख्यालय के पीजी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। ध्वजारोहण के साथ ही राष्ट्रगीत वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान का गायन किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात मंत्री श्री नेताम ने कलेक्टर अजीत वसंत और एसएसपी राजेश अग्रवाल के साथ परेड का निरीक्षण किया, इसके पश्चात उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का प्रदेश की जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन किया। मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के प्रतीक गुब्बारे आकाश में छोड़े गये। तत्पश्चात परेड में शामिल पुलिस बल, नगर सेना की सशस्त्र टुकडियों द्वारा हर्षफायर कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गयी और राष्ट्रपति का जय घोष किया गया। कार्यक्रम स्थल पर शॉल व श्रीफल देकर 12 शहीदों के परिवारों का सम्मान किया गया। समारोह के दौरान परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक श्रीमती तृप्ति सिंह राजपूत तथा सेकंड इन परेड कमांडर प्रशिक्षु सुश्री पेविन वर्मा के नेतृत्व में कुल 13 प्लाटूनों ने परेड का शानदार प्रदर्शन किया। इसमें जिला पुलिस बल पुरुष प्लाटून के कमांडर प्रशिक्षु उप निरीक्षक डिगेश्वर वर्मा, जिला पुलिस बल पुरुष प्लाटून के कमांडर प्रशिक्षु उप निरीक्षक विवेक चंद्राकर, जिला पुलिस बल महिला प्लाटून की कमांडर प्रशिक्षु उप निरीक्षक सुश्री भारती मार्कण्डेय, नगर सैनिक बल पुरुष प्लाटून के कमांडर प्रशिक्षु उप निरीक्षक महेश कुमार नेताम तथा नगर सैनिक बल महिला प्लाटून की कमांडर प्रशिक्षु उप निरीक्षक सुश्री आशी भंग शामिल रहीं। इसी प्रकार नव आरक्षक दल महिला-पुरुष संयुक्त के कमांडर नव आरक्षक 1006 समीर तिग्गा, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय एनसीसी पुरुष के जेयूओ श्रेयांश कुमार, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय एनसीसी महिला की जेयूओ सुश्री प्रिंसी तिग्गा, होली क्रास वूमेन्स कॉलेज एनसीसी की एसयूओ सुश्री कुजूर, शासकीय ▶▶ शेष पेज 4 पर

सूरजपुर में महिला एवं बाल विकास मंत्री राजवाड़े ने ली परेड की सलामी

सूरजपुर। जिले में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे गरिमामय एवं हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगीत वंदे मातरम के सामूहिक गायन किया गया। इसके साथ ही राष्ट्रगान जन गण मन की सामूहिक प्रस्तुति के साथ राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जनता के नाम प्रसारित संदेश का वाचन किया तथा जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने रंग-बिरंगे गुब्बारे मुक्त आकाश में छोड़े तथा शांति के प्रतीक सफेद कबूतरों को उड़ाकर शांति, सद्भावना एवं आपसी भाईचारे का संदेश दिया। खुले आसमान में उड़ते गुब्बारों और कबूतरों के इस दृश्य को उपस्थित जनसमूह ने करतल ध्वनि के साथ सराहा। समारोह में परेड कमांडर के नेतृत्व में 13 विभिन्न प्लाटूनों ने बैंड की मधुर धुन पर कदमताल करते हुए आकर्षक मार्च पास्ट किया, जो कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा शहीद जवानों के परिजनों का शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया तथा विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, पीएम स्वामी आत्मानंद स्कूल, ग्लोबल पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर एवं कला केंद्र के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर आधारित रंगारंग नृत्य एवं मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों की तिरंगामय वेशभूषा और उत्साहपूर्ण प्रस्तुतियों ने पूरे स्टेडियम में देशभक्ति का उल्लासपूर्ण वातावरण निर्मित कर दिया, जिसे उपस्थितजनों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहा। प्रस्तुतियों में पीएम स्वामी आत्मानंद विद्यालय नवापारा सूरजपुर ने प्रथम, पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास सूरजपुर ने द्वितीय तथा कला केंद्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले इन दलों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, जिपं अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणी पैकरा, नपा अध्यक्ष श्रीमती कुसुमलता राजवाड़े, जपं अध्यक्ष श्रीमती स्वाति संत सिंह, भीमसेन अग्रवाल, बाबूलाल अग्रवाल, मुरली मनोहर सोनी, ठाकुर राजवाड़े, मुकेश गर्ग, अजय अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, शशिकांत गर्ग, राजेश महलवाला सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर श्रीमती रेना जमील, पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल, डीएफओ डीपी साहू, जिपं सीईओ विजेन्द्र पाटले सहित जिले के समस्त अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी उपस्थित रहे।

चिंतामणी महाराज ने ली सलामी

- मुख्य समारोह में सांसद चिंतामणि महाराज ने किया ध्वजारोहण

बलरामपुर। देश की आजादी की 80 वां स्वतंत्रता दिवस जिले में गरिमामय और हर्षोल्लास से मनाया गया। जिला मुख्यालय बलरामपुर के पुलिस लाइन ग्राउंड में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रदेश की जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम राष्ट्रगीत वन्दे मातरम का सामूहिक गायन किया गया। तत्पश्चात सांसद श्री महाराज ने प्रातः 9 बजे समारोह स्थल पर ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के साथ ही राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात मुख्य अतिथि महाराज ने कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी एवं एसपी बैंकर वैभव के साथ परेड का निरीक्षण किया। तत्पश्चात उन्होंने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया तथा मुख्य अतिथि श्री महाराज द्वारा मंच में तिरंगे के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े गये। आजादी के उत्सव पर सांसद श्री महाराज ने शहीद परिवारों से भेंट कर साल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। उन्होंने श्रीलंका शान्ति सेना में शहीद हुए स्व. लाजरूस मिंज, नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुये स्व. नबोर कुजूर, रानीबोदली बीजापुर में नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए स्व. महेश पैकरा, नक्सली मुठभेड़ में शहिद स्व. अनिल खलखो, नारायणपुर बस्तर में शहीद हुए स्व. मनाज रूल, थाना पांकी जिला तालेहार में उग्रवादी मुठभेड़ में शहीद हुये स्व. मसीह भूषण लकड़ा एवं सियाचिन ग्लेशियर में शहीद हुये स्व. रामसाय भगत के परिवारों सम्मानित किया। इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष श्रीमती हीरामुनी निकुंज, रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, डीएफओ आलोक वाजपेयी, जिपं सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर आरएस लाल, आरएन पाण्डेय, प्रमोद गुप्ता, चेतन बोरघरिया, अभिषेक गुप्ता, नगरपालिका अध्यक्ष लोधीराम एक्का, उपाध्यक्ष दीलीप सोनी, जनपद अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा चेरवा, उपाध्यक्ष श्रीमती बबली देवी, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष भानू प्रकाश दीक्षित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं व बड़ी संख्या में शालेय छात्र-छात्राएं एवं आम नागरिकगण मौजूद थे।

खबर संक्षेप

जीपीएफ प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष शिविर 19 से 21 तक

अम्बिकापुर। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने बताया कि सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) अभिदाताओं के गुमशुदा कटौत्रे, ऋणात्मक शेष, फुल वांट/पार्ट वांट/मिसिंग क्रेडिट प्रकरणों के निराकरण हेतु महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) छग रायपुर द्वारा 19,20 एवं 21 अगस्त को शासकीय पॉलिटेक्निक, अम्बिकापुर के सभागार में कार्यालयीन समय में शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने समस्त संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को शिविर में कार्यालयीन समय 10 से 5.30 बजे तक उपस्थित होकर जीपीएफ प्रकरणों का निराकरण कराने कहा है।

नदी पार करते समय गाज की चपेट में आया ग्रामीण, मौत

अम्बिकापुर। मवेशियों के साथ नदी पार कर रहा ग्रामीण अचानक आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आ गया। घटना में अचेत हुए ग्रामीण को कड़ी मशक्कत के बाद नदी से निकाल कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम पस्ता सासुपारा निवासी करम साय आ. स्व. जगत राम (47 वर्ष) 14 अगस्त की दोपहर भाई राजेश के साथ मवेशी चराने नदी के पार कर दूसरी ओर गए थे। मवेशियों को चराने के बाद दोनों भाई मवेशियों के साथ नदी पार करने लगे। राजेश नदी पार कर तट पर पहुंच गया। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली नदी में गिरी जिसके चपेट में आने से करम साय मौके पर ही अचेत हो गर नदी के पानी में बहने लगा। भाई को नदी में बहता देख राजेश शोर मचाने लगा तो पास ही मौजूद गांव के ही दुर्जन ने नदी में छलांग लगाकर कड़ी मशक्कत के बाद करम साय को नदी से बाहर निकाला। परिजन घायल को राजपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

प्रतीक्षा बस स्टैंड में अचेत हालत में मिला युवक, मौत

अम्बिकापुर। प्रतीक्षा बस स्टैंड स्थित होटल के सामने अचेत हालत में मिले युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार मधुरापुर पकरी नवादा बिहार निवासी गोवर्धन चौहान आ. स्व. राम स्वरूप (46 वर्ष) कोरबा स्थित एक कंपनी में मैकेनिक का काम करता था। 13 अगस्त को गोवर्धन चौहान ने पत्नी को फोन कर बताया कि वह कंपनी से छुट्टी लेकर घर आ रहा है। शनिवार की शाम युवक प्रतीक्षा बस स्टैंड स्थित एक होटल के सामने अचेत हालत में पड़ा हुआ था। युवक को तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

निर्मोही मां ने चार दिन के नवजात को जंगल में पत्थर से ढंका, मौत

अम्बिकापुर। अस्पताल में प्रसव होने के चार दिन बाद बहन के बेटा के साथ घर जा रही महिला ने जंगल के समीप न सिर्फ चलते बाइक से कूद गई बल्कि गोद में पकड़े चार दिन के नवजात को जंगल में ही पत्थर से ढक को छोड़ दी। गांव के लोगों को नवजात जीवित एवं गंभीर हालत में मिला। नवजात को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान नवजात की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

पुलिस के मुताबिक लुण्ड्रा थाना अंतर्गत ग्राम राता निवासी राम बाई (35 वर्ष) चार दिन पूर्व प्रसव पीड़ा होने पर उसके बरगीडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्रसव के बाद महिला ने स्वस्थ बेटी को जन्म दी। अस्पताल प्रसव के चार दिन बाद जच्चा-बच्चा के स्वस्थ्य होने पर छुट्टी दे दी गई। इधर राम बाई के बहन का बेटा पंकज अपनी मौसी और शिशु को बाइक से उसके ससुराल राता पहुंचा जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार राता जंगल के समीप पहुंचे तभी महिला शिशु को लेकर चलती बाइक से कूद गई और झाड़ियों में चली गई। अचानक मौसी के बाइक से कूद जाने तथा जंगल के झाड़ियों में चले जाने पर पंकज भी उसे ढूंढने गया और काफी देर बाद जब मौसी नहीं मिली तो वापस लौटा तो देखा बाइक के समीप राम बाई बैठी हुई थी लेकिन उसके गोद में शिशु नहीं था। शिशु के संबंध में पंकज ने पूछताछ की लेकिन वह कुछ नहीं बताई। जिस पर पंकज उसे उसके ससुराल छोड़ कर वापस घर लौट गया। इधर दोपहर को मवेशी चरा रहे ग्रामीण को जंगल में बच्चे की रोने की आवाज सुनाई दी। ग्रामीण बच्चे की रोने की आवाज सून मौके पर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। पत्थर के नीच शिशु मिला। गांव के सरपंच ने तत्काल घटना की सूचना लुण्ड्रा पुलिस को दी। सूचना पर थाना प्रभारी सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शिशु को मेडिकल कॉलेज अस्पताल मे एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान शिशु की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया। साथ ही कार्रवाई के लिए डायरी संबंधित थाने भेज दिया है।

तलाब में डूबने से पति-पत्नी की मौत, एक महिला को ग्रामीण ने निकाला बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

- कुसमी स्थित अमरपुर के बड़का जोभी में हुई घटना

बलरामपुर जिले के कुसमी थाना क्षेत्र में तालाब में डूबने से दम्पति की मौत हुई है। ग्रामीण पैदल वापस घर लौट रहे थे इस दौरान पैर फिसलने से पति तालाब में गिर गया। पति को बचाने के लिए महिला की भी पानी में कूद गई लेकिन वह भी डूब गई। इस दौरान दोनों को बचाने का प्रयास कर रही एक अन्य महिला रिश्तेदार को मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

बताया जा रहा है कि कुसमी के आमादारा निवासी 50 वर्षीय मुनेश्वर नाग 14 अगस्त को घर से बिना बताए अपने भांचा भरत नाग के घर अमरढाह पारा चला गया था। इस बात की जानकारी मिलने के बाद उसकी पत्नी 45 वर्षीया घुघरी नाग भी अपनी दीदी ज्स्मती के साथ अमरढाह पारा पहुंच गई थी। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमरढाह स्थित प्राथमिक शाला में आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में उन्होंने

भी भाग लिया। 15 अगस्त की शाम करीब 4 बजे मुनेश्वर नाग, उनकी पत्नी घुघरी नाग और जसमती अमरढाह पारा से अपने गांव आमादारा लौट रहे थे। दोनों स्थानों के बीच करीब दो किलोमीटर का जंगली रास्ता है। इसी रास्ते से पैदल जाते समय वे बड़का जोभी स्थित वन विभाग के तालाब के पास पहुंचे। इसी दौरान मुनेश्वर नाग अचानक तालाब में गिर गए। उन्हें पानी में डूबता देख पत्नी घुघरी नाग ने बिना देर किए उन्हें बचाने के लिए तालाब में छलांग लगा दी। लेकिन तालाब का पानी गहरा होने के कारण दोनों ही बाहर निकलने में असफल रहे। पति-पत्नी को डूबता देख जसमती भी उन्हें बचाने के लिए तालाब में उतर गईं। इसी दौरान गांव के अर्जुन नगेसिया की नजर तीनों पर पड़ी। उन्होंने तत्काल मौके पर पहुंचकर बचाव का प्रयास किया। अर्जुन ने जसमती को सुरक्षित बाहर निकाल लिया लेकिन तब तक मुनेश्वर नाग और घुघरी नाग गहरे पानी में डूब चुके थे। काफी प्रयास के बावजूद दोनों को बचाया नहीं जा सका और उनकी मौत हो गई।

नहीं मिला शव वाहन, नहीं हो पाया पीएम

घटना के बाद अर्जुन नगेसिया ने पूरे मामले की जानकारी गांव के चौकीदार को दी। चौकीदार ने इसकी सूचना कुसमी पुलिस को दी। देर रात सूचना मिलने के कारण पुलिस 16 अगस्त को घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने ग्राम पंचायत के सरपंच महेंद्र पैकरा सहित ग्रामीणों की मौजूदगी में पंचनामा कार्रवाई की। पुलिस ने शवों को बरामद कर पीएम के लिए भेजा लेकिन शव वाहन नहीं मिलने के कारण प्रक्रिया में देरी हुई। निजी वाहन से देर शाम शव को अस्पताल भेजा गया जिस कारण रविवार को भी दोनों का पीएम नहीं हो पाया। अब सोमवार को पीएम के बाद शवों को परिजन के सुपुर्द करने की बात कही जा रही है।

पांगन नदी में डूबे 15 वर्षीय छात्र का शव बरामद

- शनिवार को भैंस चराने के दौरान फिसल कर गरा था नदी में

अम्बिकापुर। ग्राम पंचायत पचावल में पांगन नदी में डूबने से 15 वर्षीय छात्र आशीष यादव की मौत हो गई। शनिवार को हादसे के बाद देर शाम तक पुलिस और गोताखोरों की टीम ने छात्र की तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। रविवार सुबह दोबारा चलाए गए सर्च अभियान में छात्र का शव बरामद किया गया। प्राप्त जान कारी के अनुसार ग्राम पंचायत पचावल निवासी आशीष यादव पिता सूरज नारायण यादव कक्षा 9वीं का छात्र था। शनिवार सुबह करीब 10 से 11 बजे के बीच वह अपने घर से लगभग 400 मीटर दूर पांगन नाला के पास भैंस चरा रहा था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में जा गिरा और डूब गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आशीष की तलाश शुरू की। सूचना पर सनावल पुलिस, प्रशासन और गोताखोरों की टीम भी मौके पर पहुंची। शनिवार देर शाम तक नाले में सर्च ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन छात्र का पता नहीं चल सका। रविवार सुबह फिर से सर्च अभियान शुरू किया गया। पुलिस प्रशासन और गोताखोरों के संयुक्त प्रयास से आशीष का शव पांगन नदी से बरामद किया गया। पुलिस द्वारा पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। घटना से गांव में शोक की लहर है तथा परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। होनहार छात्र की असमय मौत से ग्रामीणों में भी गहरा दुख है। ग्रामीणों ने पांगन नाला सहित अन्य जलस्रोतों के आसपास सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों को रोका जा सके।

सरगुजा की महिलाओं ने सैनिक भाइयों के लिए भेजा रक्षा सूत्र

सीमा पर तैनात जवानों तक पहुंचेगा छत्तीसगढ़ की बहनों का स्नेह : लक्ष्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

रक्षाबंधन के पावन अवसर पर देश की सीमाओं की रक्षा में तैनात सैनिक भाइयों के प्रति सम्मान, स्नेह और आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से 'ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र 0.4' अभियान के अंतर्गत सरगुजा संभाग की महिलाओं एवं स्काउट-गाइड द्वारा बड़ी संख्या में रक्षा सूत्र एकत्रित कर सैनिकों के लिए भेजे गए। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

उन्होंने सैनिक भाइयों के लिए रक्षा सूत्र भेजते हुए कहा कि यह लगातार चैथा वर्ष है, जब छत्तीसगढ़ की महिलाओं की ओर से सरहद पर तैनात जवानों के लिए रक्षा सूत्र भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है कि प्रदेश की महिलाएं देश की रक्षा में दिन-रात डटे सैनिक भाइयों के प्रति अपना स्नेह और सम्मान प्रकट कर रही हैं। श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि त्योहारों के अवसर पर जब परिवार के सदस्य एक-दूसरे के साथ रहते हैं, उस समय हमारे सैनिक भाई

देश की सीमाओं पर तैनात रहकर राष्ट्र की सुरक्षा का दायित्व निभाते हैं। वे अपने परिवार से दूर रहते हुए देशवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। ऐसे में बहनों द्वारा भेजा गया यह रक्षा सूत्र उनके लिए केवल राखी नहीं, बल्कि बहनों का प्यार, स्नेह, सम्मान और आशीर्वाद लेकर पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि रक्षा सूत्र के माध्यम से सैनिक भाइयों को यह संदेश दिया जा रहा है कि देश की माताएं, बहनें और पूरा समाज उनके साथ खड़ा है। कार्यक्रम में अभियान के संयोजक एवं पूर्व सैनिक महासभा के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह राणा ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि सिपाही रक्षा सूत्र अभियान पिछले चार वर्षों से संचालित किया जा रहा है। इसकी शुरुआत छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से हुई थी। अभियान के ▶▶ शेष पेज 4 पर

अंबिकापुर से जशपुर होते हुए रांची रवाना होगा अभियान

अंबिकापुर में आयोजित कार्यक्रम के बाद रक्षा सूत्रों को आगे निर्धारित मार्ग से भेजा जाएगा। अभियान के तहत रक्षा सूत्रों से भरी वाहन रैली अंबिकापुर से जशपुर होते हुए रांची की ओर रवाना होगी। इसके पश्चात विभिन्न माध्यमों से देश के अलग-अलग क्षेत्रों में तैनात सैनिकों तक रक्षा सूत्र पहुंचाए जाएंगे। अभियान के संयोजक श्री महेंद्र प्रताप सिंह राणा ने बताया कि सैन्य इकाइयों और बैरकों में अनेक सैनिक एक साथ रहते हैं। ऐसी स्थिति में यदि किसी एक सैनिक के पास राखी पहुंचती है और दूसरे सैनिक को राखी नहीं मिल पाती, तो उसके मन में स्वाभाविक रूप से भावनात्मक पीड़ा उत्पन्न हो सकती है।

swarnimaera@gmail.com | www.swarnimaera.com
Follow us
हर झलक में खूबसूरत ज़िन्दगी
SWARNIMA ERA
Add more to life
परिसर में भव्य मन्दिर
प्रीमियम क्लब हाउस
लैंडस्केप्ड बगीचे
24x7 सुरक्षा
बच्चों का प्ले-एरिया
जिम और स्विमिंग पूल
डेडिकेटेड पार्किंग
24x7 पावर बैकअप
ज़िन्दगी में कुछ अच्छा जोड़िये।
2,3 & 4 BHK
STYLISH INDEPENDENT BUNGALOWS
PLOTS & CUSTOMIZED HOUSES AVAILABLE
Conceptualized By AdPRAYAS
REGISTER YOUR INTEREST NOW
Scan this QR code for Location
Site address:
SWARNIMA ERA,
BESIDE GEETANJALI CITY
PHASE 2, BAHTARAI ROAD,
BILASPUR (C.G.)
For more info
97557 93333, 97552 93333
Rera no.
PCGRERA150426002081
www.rera.cgstate.gov.in

खबर संक्षेप

स्वतंत्रता दिवस पर खंड चिकित्सा अधिकारी ने कराया भंडारा

भैयाथान। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश सिंह द्वारा भंडारे का आयोजन कराया गया। इस दौरान अस्पताल में उपचाररत मरीजों, परिजन सहित अस्पताल आने-जाने वाले लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। आयोजित भंडारे में करीब 200 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। डॉ. श्री सिंह द्वारा स्वतंत्रता दिवस के साथ-साथ गणतंत्र दिवस के अवसर पर भी भंडारे का आयोजन कराया जाता है। राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर अस्पताल में मरीजों, उनके परिजन एवं आगंतुकों के लिए भोजन की व्यवस्था कर सेवा कार्य करना सराहनीय पहल है। भंडारे के दौरान पुष्पराज तिवारी,डॉ. सुरेंद्र सिंह, महेंद्र साहू, दिव्या रानी, रागिनी मांझी, आश्रिता सहित अस्पताल के समस्त स्टाफ की मौजूद रहे।

उर्सु लाइन स्कूल झींगो में शहीद आरक्षक अनिल खलखो को श्रद्धांजलि

राजपुर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उर्सु लाइन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झींगो में वीर शहीद आरक्षक अनिल खलखो को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राजपुर थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक अनिल पैंकरा ने विद्यालय पहुंचकर शहीद जवान के बलिदान को नमन किया और विद्यार्थियों को उनकी वीरता एवं शहादत से परिचित कराया। शहीद आरक्षक अनिल खलखो आ. पुलिकार खलखो, ग्राम बसकेपी मंगरलेटा पारा, चौकी गणेशमोड़, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज के निवासी थे। उन्होंने उर्सु लाइन उमा विद्यालय झींगो से शिक्षा प्राप्त की थी। पुलिस विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 अक्टूबर 2007 को ग्राम फुलादी पटेल पारा, बीजापुर में नक्सली घटना के दौरान नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में आरक्षक अनिल खलखो ने अदम्य साहस एवं वीरता के साथ नक्सलियों का डटकर मुकाबला किया और वीरगति को प्राप्त हुए। उनकी शहादत देश और प्रदेश की सुरक्षा के लिए उनके समर्पण का प्रतीक है। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में शहीद की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने वीर शहीद आरक्षक अनिल खलखो अमर रहें का जयघोष कर उन्हें नमन किया।

डीएवी बिश्रामपुर की टीम को 4-1 के गोल के अंतर से हराया

पेनाल्टी शूट आउट में पीएम श्री जयनगर की टीम बनी न्यू टैलेंट प्रोत्साहन फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता

अतिथियों के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एकता स्टेडियम बिश्रामपुर में स्वतंत्रता दिवस को न्यू टैलेंट प्रोत्साहन फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रोमांच से भरपूर रहा। फाइनल में डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर और पीएम श्री जयनगर की टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं, जिसके बाद मुकाबले का फैसला ट्राई ब्रेकर से हुआ। ट्राई ब्रेकर होने के बाद पेनाल्टी शूट आउट में पीएम श्री जयनगर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4-1 से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट की विजेता की ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

खास बात

- विजेता व उपविजेता टीम को किया गया पुरस्कृत

फाइनल मुकाबले में पीएम श्री जयनगर के खिलाड़ी अंकित को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया, जबकि पूरे टूर्नामेंट में निरंतर बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले पीएम श्री जयनगर के खिलाड़ी दीपक को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के खिताब से नवाजा गया,टूर्नामेंट में तीसरे स्थान के लिए कार्मेल कॉन्वेंट इंग्लिश मीडियम बिश्रामपुर और हायर सेकेंडरी स्कूल बतरा के बीच मुकाबला हुआ,निर्धारित समय तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर रहीं। इसके बाद ट्राई ब्रेकर में कार्मेल कॉन्वेंट बिश्रामपुर ने संयम का परिचय देते हुए 5-3 से जीत हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। आयोजन के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और टीमों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार डीएवी स्कूल बिश्रामपुर के अथर्व यादव, बेस्ट गोलकीपर का पुरस्कार डीएवी बिश्रामपुर के अतुल, जबकि बेस्ट स्कोरर का पुरस्कार पीएम श्री जयनगर के अंकित को प्रदान किया गया,वहीं खेल भावना और अनुशासन के लिए बेस्ट डिसिप्लिन टीम का पुरस्कार हायर सेकेंडरी स्कूल बतरा को दिया गया,टूर्नामेंट के समापन समारोह में खेल जगत में उल्लेखनीय योगदान देते हुए फुटबॉल में संतोष ट्रॉफी खेल चुके संतोष भाई लाल तथा वॉलीबॉल में पब्लिक सेक्टर में कांस्य पदक हासिल करने और कोल ऑल इंडिया टीम के कप्तान रह चुके वरिष्ठ खिलाड़ी पंकज गर्ग को लाइफटाइम खेल रत्न सम्मान से नवाजा गया।

फाइनल मैच के मुख्य अतिथि एसईसीएल के क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय सिंह रहे,कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता संत सिंह ने की,विशिष्ट अतिथियों में नगर पंचायत शिवनंदनपुर अध्यक्ष रितेश जायसवाल, राम बहादुर लामा,गोपाल विद्रोही,विनय पांडेय,वेद प्रकाश मिश्र,धनवीर खेड़ा,पंकज गर्ग,चरनजीत गिल, सुनील सिन्हा, संजय भाईलाल, मयंक गोयल,आनंद चावला, तपन विश्वास,गुरविंदर माखीजा,मोंटी खेड़ा,आशीष सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे, दर्शकों तक खेल का उत्साह पहुंचाने में प्रकाश कुर्रे और छोटू प्रसाद की कमेंट्री ने भूमिका निभाई,निर्णायक की भूमिका में अनसेलम कुजूर, सज्जू, प्रियांशु एक्का, निशांत, पियूष, शांतनु,अभय, रोहित रावत और अंकुश सक्रिय रहे।

भिलाई खुर्द में 34 वर्षों से जारी फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन, घोरघड़ी बनी विजेता

राजपुर। बलरामपुर जिले के राजपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत भिलाई खुर्द में वर्ष 1992 से लगातार आयोजित की जा रही तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के 34 वर्ष पूरे होने पर आयोजित इस आयोजन में क्षेत्र के खिलाड़ियों और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला घोरघड़ी और चंदेश्वरपुर की टीम के बीच खेला गया, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए घोरघड़ी की टीम ने जीत दर्ज कर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में कुल 20 टीमों ने हिस्सा लिया। विजेता टीम घोरघड़ी को प्रथम पुरस्कार के रूप में 20 हजार एवं शील्ड तथा उपविजेता चंदेश्वरपुर की टीम को 15 हजार एवं शील्ड प्रदान की गई। पुरस्कारों का वितरण मुख्य अतिथि सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनार सिंह, जिला भाजपा उपाध्यक्ष कमला प्रसाद सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष बरियों जितेंद्र जायसवाल, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष हिमांशु श्रीवास्तव, भिलाई सरपंच मोहन राम, बरियों सरपंच रवि टेकाम, बादा सरपंच धरम, भिलाई उपसरपंच राम मुरत यादव सहित भाजपा मंडल के पदाधिकारी एवं आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। आयोजन समिति के प्रमुख सदस्यों में रामलाल यादव, कुणाल सोनी, राजेश प्रधान, राजकुमार अंडिल्या, अनूप तीगा, सीखतुष राम, आलोक यादव, प्रदीप यादव, संजय प्रधान, रोहित यादव, रोहित कुमार, शिव कुमार एवं सतीश तिर्की सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

अंबिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस ट्रेन निर्धारित समय से 4 घंटे विलंब से हुई रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

अंबिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस ट्रेन के बीती रात काफी विलंब से गंतव्य को रवाना होने से यात्रियों व परिजन को खासी परेशानी का सामना करना पड़ गया।

- देर रात होने से विद्यार्थी व बुजुर्ग हुए परेशान

बताया गया कि अंबिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस ट्रेन शनिवार की अंबिकापुर रेल्वे स्टेशन से अपने निर्धारित समय रात्रि 10.30 पर न छुटकर पूरे 4 घंटे विलंब देर रात 2:30 बजे रवाना हुई, जिससे यात्रियों, मरीजों, विद्यार्थियों, अधिकारी-कर्मचारियों सहित व्यापारी वर्ग को बहुमूल्य समय गंवाने के साथ साथ आर्थिक नुकसान उठाना पड़ गया,बताया जा रहा है कि बरसात का मौसम शुरू होने के साथ ही ट्रेनों का समय पर संचालन नहीं होने से आमजन को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। अम्बिकापुर से चलने वाली कई ट्रेनें आए दिन अत्यधिक विलंब से रवाना हो रही हैं,वर्तमान में अंबिकापुर स्टेशन से ट्रेन के छूटने के समय को लेकर निश्चितता नहीं होने से यात्री रायपुर दोपहर में पहुंच रहे हैं। जिससे गंभीर बीमारियों से जुझ रहे मरीज समय पर अस्पताल पहुंचकर इलाज नहीं करा पाते, अधिकारी एवं कर्मचारी समय पर रायपुर व बिलासपुर नहीं पहुंच पाते हैं, जिससे प्रशासनिक एवं आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। रेलयात्रियों का कहना है कि रेलवे ट्रैक पर अत्यधिक मालगाड़ियों के संचालन के कारण यात्री ट्रेनों के संचालन में विलंब हो रहा है। इसलिए यात्री ट्रेनों के सुचारु एवं समयबद्ध संचालन के लिए मालगाड़ियों हेतु अलग ट्रैक की व्यवस्था की जाए।

स्वतंत्रता दिवस पर मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

रामानुजगंज। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महावीरगंज में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विधायक प्रतिनिधि एवं जनपद सदस्य अशर्फी यादव ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया। गत वर्ष कक्षा 12वीं में विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली महावीरगंज निवासी छात्रा कुमारी आकृति कश्यप आ. अजय कश्यप 5,100 रुपये तथा कक्षा 10वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले गम्हरिया निवासी छात्र नन्दलाल यादव आ. पारसनाथ यादव, निवासी गम्हरिया को 3,100 रुपये की नकद प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को क्षेत्र के जनपद सदस्य राजकुमार एवं संस्था की ओर से पुरस्कृत किया गया। इस दौरान महावीरगंज सरपंच निर्मला सिंह, एसएमडीसी अध्यक्ष नरेश यादव, चौकी प्रभारी आश्विन सिंह, विद्यालय के प्राचार्य संजय गुप्ता, जगदीश यादव सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

डीएवी की छात्रा आदिति सिंह ने कॉमर्स में हासिल किया प्रथम स्थान

सोनगरा। एसईसीएल के अंतर्गत संचालित डीएवी पब्लिक स्कूल की मेधावी छात्रा आदिति सिंह ने कक्षा 12वीं के कॉमर्स स्ट्रीम में शानदार प्रदर्शन करते हुए 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है। आदिति सिंह पिता रंधीर सिंह एवं माता रेखा सिंह की पुत्री हैं। उन्होंने अपनी शैक्षणिक यात्रा एलकेजी से डीएवी पब्लिक स्कूल भटगांव से शुरू की और कक्षा 12वीं तक इसी विद्यालय में अध्ययन करते हुए निरंतर मेहनत और लगन के साथ अपनी पढ़ाई जारी रखी। सत्र 2025-26 में उन्होंने कक्षा 12वीं कॉमर्स स्ट्रीम में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया।

भाजपा मुद्दों से भटका रही, देश अब भाषण नहीं हिसाब मांग रहा

अंबिकापुर। छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी, अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव परवेज आलम गांधी ने वंदे मातरम को लेकर भाजपा की ओर से की जा रही बयानबाजी पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि देश की गौरवशाली विरासत पर सवाल उठाने से पहले भाजपा को लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश की जनता से किए गए वादों और दावों का हिसाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन सवालों का जवाब देना चाहिए, उनसे बचने के लिए भाजपा बार-बार नए मुद्दे उछालकर जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश करती है। परवेज गांधी ने कहा कि संसद सत्र के दौरान भी देश के महत्वपूर्ण मुद्दों पर विपक्ष के सवालों का जवाब देने के बजाय सरकार मुद्दों को दूसरी दिशा में ले जाती रही। जनता रोजगार, महंगाई, किसानों की आय, अर्थव्यवस्था और विकास से जुड़े सवालों के जवाब चाहती है, लेकिन भाजपा को इन सवालों का सामना करने के बजाय इतिहास और भावनाओं के नाम पर राजनीति करना ज्यादा आसान लगता है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की ऐतिहासिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके सम्मान और स्थापित परंपरा को लेकर देश के स्वतंत्रता सेनानियों, राष्ट्रनिर्माताओं और संविधान सभा के योगदान को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। गुरु रवींद्रनाथ टैगोर, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, पंडित जवाहरलाल नेहरू, महात्मा गांधी, मौलाना अबुल कलाम आजाद, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डॉ. भीमराव आंबेडकर सहित अनेक महान व्यक्तित्वों ने देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की वरिष्ठ नेता श्रीमती सोनिया गांधी जी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के स्वास्थ्य और सार्वजनिक जीवन से जुड़े विषयों पर भी भाजपा ने अफवाह और राजनीतिक प्रचार का सहारा लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा तथ्य और मुद्दों पर जवाब देने के बजाय भ्रम फैलाकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करती है।

पेज 1 के शेष...

सरगुजा में कृषि मंत्री नेताम ने ...

बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जूनियर डिविजन एनसीसी के उपेन्द्र राजवाड़े, सेंट जेवियर्स उमावि स्काउट के रोहित केरकेट्टा, शासकीय कन्या उमावि गाइड्स की कुमारी आस्था गुप्ता तथा अम्बिका मिशन उमावि बिरनीबेड़ा की कुमारी मोनिका मिंज के नेतृत्व में विभिन्न दलों ने परेड किया गया। इस दौरान दलों ने देशभक्ति धुनों पर कदम से कदम मिलाते हुए आकर्षक मार्चपास्ट का प्रदर्शन किया और मंच के सम्मुख पहुंच राष्ट्रीय ध्वज और मुख्य अतिथि को पूरे जोश और उत्साह से सलामी दी। गरिमामय स्वतंत्रता दिवस समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान उर्सु लाइन विद्यालय द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम पर देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश देते हुए प्रस्तुति दी। वहीं जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा विरासत से विकास, होली क्रॉस कान्वेंट स्कूल।द्वारा आत्मनिर्भर भारत नए भारत का गौरव पर नृत्य और प्रादर्शों की प्रस्तुति दी। कार्मेल स्कूल द्वारा स्वतंत्रता से संकल्प तक हमारा भारत हमारी जिम्मेदारी, मोंटफोर्ट स्कूल द्वारा भारतीय संस्कृति पर आधारित प्रस्तुति दी। वहीं सैनिक स्कूल की अरेबिक्स एवं मॉडल्स के माध्यम से देशभक्ति का प्रदर्शन किया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों एवं कार्यस्थल पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 79 अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर सरगुजा संभागायुक्त नरेन्द्र दुग्गा, आईजी दीपक झा, कलेक्टर अजीत वसंत, एसएसपी राजेश अग्रवाल स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी सहित नागरिकगण उपस्थित रहे।

सीमा पर तैनात जवानों तक....

माध्यम से प्रदेश की बहनों द्वारा देश की सीमाओं पर तैनात सैनिकों के लिए रक्षा सूत्र भेजे जा रहे हैं। पिछले तीन वर्षों में छत्तीसगढ़ की माटी से लगभग 27 लाख 92 हजार रक्षा सूत्र भारतीय सैनिकों के सम्मान में भेजे जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 में अभियान का चैथा चरण 'आपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र 0.4' के रूप में संचालित किया जा रहा है। इस वर्ष छत्तीसगढ़ से बाहर निकलने तक लगभग 21 लाख रक्षा सूत्र एकत्रित होने का लक्ष्य है। कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, किसन सिंह, सचिव भूतपूर्व सैनिक महासभा, पूर्व सांसद कमल भान सिंह, भारत सिंह सिसौदिया, विनोद हर्ष, श्रीमती अरूणा सिंह सहित जन-प्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

बिश्रामपुर रेलवे स्टेशन में 5 सितंबर तक चलेगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

लाइफलाइन एक्सप्रेस का हुआ शुभारम्भ, पहले दिन 866 मरीजों ने इलाज हेतु कराया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

इम्पैक्ट इंडिया फाउंडेशन की 256वीं लाइफलाइन एक्सप्रेस रविवार को सरगुजा सांसद चिंतामणी महाराज ने फीता काटकर चलते-फिरते अस्पताल का विधिवत शुभारंभ कियाकार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहीं,लाइफलाइन एक्सप्रेस के माध्यम से 16 अगस्त से 5 सितंबर तक जिले में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर संचालित किया जाएगा,प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक ओपीडी संचालित होगी,मरीजों की आवश्यक जांच और निर्धारित शल्य चिकित्सा पूरी तरह निःशुल्क की जाएगी। शुभारंभ के पहले ही दिन उपचार की उम्मीद लेकर जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे और कुल 866 मरीजों ने विभिन्न बीमारियों के उपचार के लिए पंजीयन कराया,सरगुजा सांसद ने लाइफ लाइन एक्सप्रेस शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया इस दौरान सांसद सहित अतिथियों ने लाइफलाइन एक्सप्रेस के विभिन्न कोचों का निरीक्षण किया। ऑपरेशन थिएटर, रिकवरी रूम और पंजीयन काउंटर की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली गई। अतिथियों ने इलाज के लिए पहुंचे मरीजों से भी बातचीत कर उनका हालचाल जाना।

खास बात

- सांसद व कैबिनेट मंत्री की उपस्थिति में हुआ उदघाटन

सांसद चिंतामणी महाराज ने कहा कि लाइफलाइन एक्सप्रेस केवल एक अस्पताल नहीं, बल्कि गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए जीवन रेखा है। सरगुजा अंचल के वनांचल क्षेत्रों में आज भी अनेक लोग संसाधनों के अभाव में मोतियाबिंद, बहरेपन और हड्डियों की विकृति जैसी समस्याओं के साथ जीवन बिता रहे हैं। ऐसे लोगों तक विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम का पहुंचना बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों और स्वयंसेवी संस्थाओं से पात्र मरीजों को चिन्हित कर शिविर तक पहुंचाने में सहयोग की अपील की। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि स्वस्थ शरीर ही सुखी परिवार और समृद्ध समाज का आधार है। उन्होंने लाइफलाइन एक्सप्रेस को जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान बताते हुए कहा कि जिन लोगों के लिए बड़े शहरों में जाकर महंगा इलाज और शल्य चिकित्सा कराना संभव नहीं है, उनके द्वार तक अस्पताल पहुंचना बड़ी राहत है। उन्होंने विशेष रूप से माताओं और बहनों से संकोच छोड़कर स्तन एवं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की निःशुल्क जांच कराने की अपील की।

उन्होंने कहा कि समय पर जांच होने से गंभीर बीमारी की पहचान प्रारंभिक अवस्था में की जा सकती है। मंत्री ने जिलेवासियों से शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया।

कु

कलेक्टर ने व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने दिए निर्देश

कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरीजों को लाइफलाइन एक्सप्रेस तक पहुंचाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। वर्षा ऋतु को देखते हुए ट्रेन के आसपास जलजमाव न हो, इसके लिए विशेष व्यवस्था करने को कहा गया। उन्होंने आवागमन, बैठने, पंजीयन और साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर रखने तथा सभी विभागों को आपसी समन्वय से काम करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि शिविर का लाभ जिले के अंतिम छोर पर रहने वाले प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने मरीजों से अपने साथ आधार कार्ड अथवा अन्य पहचान पत्र लेकर आने आह्वान की।

21 दिन अलग-अलग बीमारियों का होगा उपचार

इम्पैक्ट इंडिया फाउंडेशन की मैनेजिंग ट्रस्टी प्रोफेसर डॉ. रोहिणी वी चौगुले ने बताया कि लाइफलाइन एक्सप्रेस की शुरुआत वर्ष 1991 में दूरस्थ क्षेत्रों में निवारणीय विकलांगता को समय रहते रोकने के उद्देश्य से हुई थी। सूरजपुर में यह 256वां प्रोजेक्ट है,ट्रेन में अत्याधुनिक मल्टी-स्पेशियलिटी ऑपरेशन थिएटर के साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों और प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की टीम उपलब्ध है,शिविर की निर्धारित समय-सारणी के अनुसार आंखों की जांच एवं मोतियाबिंद की ओपीडी 16 से 21 अगस्त तथा ऑपरेशन 17 से 22 अगस्त तक होंगे। कान की जांच 22 से 27 अगस्त और कान की सर्जरी 23 से 28 अगस्त तक होगी। 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों में मुड़े हुए हाथ-पैर तथा कटे-फटे होंठ एवं जलने के बाद हुए संकुचन की प्लास्टिक सर्जरी के लिए जांच 28 से 31 अगस्त तथा सर्जरी 29 अगस्त से 1 सितंबर तक होगी। दांतों की जांच एवं उपचार 1 से 5 सितंबर तक किया जाएगा,स्त्री रोग के अंतर्गत स्तन एवं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की जांच व स्क्रीनिंग 16 से 21 अगस्त तक होगी। भर्ती किए गए मरीज के साथ केवल एक सहयोगी को रहने की अनुमति होगी। शिविर से संबंधित अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 7039673973 पर संपर्क किया जा सकता है।

अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है अस्पताल ट्रेन

लाइफलाइन एक्सप्रेस विश्व की पहली आधुनिक हॉस्पिटल ट्रेन है,जिसकी शुरुआत 16 जुलाई 1991 को हुई थी,यह इम्पैक्ट इंडिया फाउंडेशन, भारतीय रेलवे और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की संयुक्त पहल है। ट्रेन में अत्याधुनिक मल्टी-स्पेशियलिटी ऑपरेशन थिएटर है, जिसमें पांच ऑपरेशन टेबल की सुविधा उपलब्ध है और एक साथ पांच सर्जरी तक की जा सकती हैं। ऑपरेशन थिएटर में सर्जिकल माइक्रोस्कोप, वेंटिलेशन सिस्टम, एनेस्थीसिया मशीन और ऑटोक्लेव सहित कई आधुनिक उपकरण उपलब्ध हैं। इसके साथ रिकवरी रूम तथा प्रशिक्षित नर्सिंग ऑफिसर्स, टेक्नीशियन और स्वास्थ्यकर्मियों की अनुभवी टीम भी तैनात है। कार्यक्रम में बाबूलाल अग्रवाल, निर्मला यादव, रितेश जायसवाल, राजेश्वर तिवारी सहित जनप्रतिनिधि, कलेक्टर रेना जमील, जिला पंचायत सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले, अपर कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा, एसडीएम शिवानी जायसवाल, इम्पैक्ट इंडिया फाउंडेशन की मैनेजिंग ट्रस्टी प्रोफेसर डॉ. रोहिणी वी. चौगुले, सीनियर ऑपरेशन्स ऑफिसर डॉ. मनोहर रेड्डी सहित अधिकारी, सहित बड़ी संख्या में आमजन एवं मरीज मौजूद रहे।

जिला पंचायत सदस्य की पहल से ग्रामीण क्षेत्र के मेधावियों को मिला शैक्षणिक भ्रमण का अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा के मेधावी विद्यार्थियों के शैक्षणिक भ्रमण की पहल सरगुजा की जिपं सदस्य श्रीमती पायल विश्व विजय तोमर ने की। जिला पंचायत क्षेत्र के 8 शासकीय विद्यालयों के इन विद्यार्थियों को आईआईएम, ट्रिपल आईटी, ट्राइबल म्यूजियम और राज्य युवा आयोग कार्यालय सहित नवा रायपुर के प्रमुख संस्थानों का भ्रमण कराया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने निवास कार्यालय में बच्चों से आत्मीय संवाद करके उनका मार्गदर्शन किया। इस दौरान सीएम श्री साय ने विद्यार्थियों से कहा कि विद्यार्थी जीवन भविष्य की नींव है। इस समय लिया गया संकल्प और किया गया परिश्रम ही जीवन की दिशा तय करता है। उन्होंने कहा कि सफलता का मतलब सिर्फ डॉक्टर-इंजीनियर बनना नहीं है। आज शिक्षा, विज्ञान, खेल, तकनीक, प्रशासन और उद्यमिता में युवाओं के लिए अपार अवसर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा हर विद्यार्थी की अपनी प्रतिभा है। उसे पहचानो, लक्ष्य तय करो और अनुशासन व लगन से उस तक पहुंचो। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों के विद्यार्थियों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मार्गदर्शन मिले। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण बच्चों को प्रतिष्ठित संस्थानों से परिचित कराना सराहनीय कदम है। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन, समय का सदुपयोग और लक्ष्य पर फोकस ही उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है। वहीं भ्रमण से लौटे विद्यार्थियों ने कहा कि आईआईएम और ट्रिपल आईटी देखकर उन्हें उच्च शिक्षा के लिए नई प्रेरणा मिली है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पायल सिंह तोमर ने भी विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा के लिए प्रेरित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

- मुख्यमंत्री ने कहा-बड़े सपने देखो, अनुशासन से उन्हें साकार करो

ग्रामीण प्रतिभा को मंच देना हमारा लक्ष्य : विश्वविजय

युवा आयोग अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ के अंतिम गांव में बैठे बच्चे के पास भी उतनी ही प्रतिभा है जितनी शहर के बच्चे के पास। फर्क सिर्फ अवसर और मार्गदर्शन का है। जिला पंचायत सदस्य पायल विश्वविजय तोमर ने 8 शासकीय स्कूलों के 50 विद्यार्थियों का चयन किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को आईआईएम, ट्रिपल आईटी जैसे राष्ट्रीय संस्थानों से रूबरू कराना है ताकि वे देख सकें कि उच्च शिक्षा और करियर की संभावनाएं कितनी बड़ी हैं। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को करियर काउंसलिंग, प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी और राज्य युवा आयोग की योजनाओं से भी अवगत कराया गया। श्री तोमर ने कहा जब एक ग्रामीण बच्चा आईआईएम का कैंपस देखता है तो उसके मन में बड़ा सपना पनपता है। हमारा काम है उस सपने को पंख देना।

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर
जिला-सरगुजा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. /ब-121/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अहमदी खानम पत्नि अब्दुल हैदर जाति मुसलमान निवासी अहमद नगर आरजू हॉटल के पास रिंग रोड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की व्यपवर्तित भूमि ग्राम अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 2504/20 रकबा 0.014 हे. भूमि को अनावेदक शमशेर अंसारी आ. ईसराइल अंसारी निवासी पुलिस लाईन बलरामपुर जिला बलरामपुर रामानुजगंज छ.ग. के पास अंकन राशि रूपये 41,00,000/- में बिकी करने का सौदा तय कर विकी अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 07.09.2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांकः- 11/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर, सरगुजा

हरियाली तीज मनाने पुष्प वाटिका पहुंची महिलाओं बच्चों पर मधुमक्खियों ने किया हमला, कई घायल

बिश्रामपुर। स्वतंत्रता दिवस के साथ हरियाली तीज के उल्लास में नगर पंचायत बिश्रामपुर की पुष्प वाटिका पार्क में पहुंची महिलाओं और बच्चों पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया,इस दौरान कुछ ही समय में पार्क में अफरा-तफरी मच गई,मधुमक्खियों से बचने के लिए लोग इधर-उधर भागते नजर आए,इस अप्रत्याशित हमले में महिलाओं, बच्चों समेत करीब दर्जनभर लोग घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को हरियाली तीज का पर्व मनाने के लिए नगर की बड़ी संख्या में महिलाएं अपने बच्चों और परिजनों के साथ नगर पंचायत बिश्रामपुर की पुष्प वाटिका पार्क पहुंची थीं। पार्क में पर्व की खुशियां और उत्साह का माहौल था,महिलाएं आपस में मिलकर तीज की खुशियां साझा कर रही थीं, वहीं बच्चे पार्क में खेल रहे थे। इसी दौरान अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने लोगों पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के अचानक हमले से पार्क में मौजूद लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला,कुछ घायलों के शरीर पर मधुमक्खियों के कई डंक लगे हैं, जिससे उन्हें तेज दर्द और सूजन की शिकायत हुई,मधुमक्खियों के हमले में बिश्रामपुर निवासी 40 वर्षीय निधि मिश्रा, 35 वर्षीय राजेश्वरी वर्मन, 11 वर्षीय बच्ची आरुष सिंघल,नीलम सिंह,सुमन जायसवाल, यशोदा गुप्ता, गिरिजा सिंह, मीनू तथा 40 वर्षीय अजय उपाध्याय सहित कई लोग घायल हुए हैं, मधुमक्खियों के हमले के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। कुछ घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर, जबकि अन्य घायलों को केंद्रीय चिकित्सालय बिश्रामपुर में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों द्वारा घायलों का उपचार किया गया और आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई,बताया जा रहा है कि नीलम सिंह की हालत गंभीर होने पर उन्हें बेहतर उपचार के लिए निजी अस्पताल सूरजपुर ले जाया गया है,वहीं अन्य घायलों का स्थानीय अस्पतालों में उपचार जारी है।

- घायलों को उपचार के अस्पताल कराया गया भर्ती,
- गंभीर रूप से आहत हुई एक महिला को सूरजपुर के निजी अस्पताल में ले जाया गया

महापौर मंजूषा भगत को मातृ शोक, अंतिम संस्कार में उमड़ी भीड़

अंबिकापुर। शहर की महापौर श्रीमती मंजूषा भगत की माता श्रीमती मीना भगत का निधन हो गया। वे 76 वर्ष की थी और लम्बे समय से बीमार चल रही थी। अस्पताल में उपचार के दौरान 15 अगस्त की भोर में उन्होंने अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई। शनिवार को उनका अंतिम संस्कार शहर के मुक्तिपारा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन की सूचना मिलने के बाद नगर निगम सरकार के पार्षद और सदस्यों के साथ ही अधिकारी कर्मचारी महापौर निवास पहुंचे और श्रीमती मीना भगत को श्रधांजलि देने के साथ ही महापौर श्रीमती भगत को सांत्वना दी। इसके साथ ही उनके अंतिम संस्कार में प्रदेश के कृषि मंत्री राम विचार नेताम के साथ ही भाजपा के पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं के साथ ही बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए।

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL — CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल; सुरक्षित प्रसव सुविधा; बांझपन परामर्श एवं उपचार; पीसीओडी/पीसीओएस उपचार; महिला रोगों की जांच व इलाज; सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं; डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान ! स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
DR. SONAL DUBEY, MBBS, MS (Obstetrics & Gynaecology, Laparoscopic Surgeon)

सरगुजा मार्केट

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 23 अगस्त 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
संपर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ. शिवानी सिंघल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
बुखार, खांसी एवं संक्रमण; टीकाकरण एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग; नवजात एवं बाल स्वास्थ्य पर विशेष परामर्श; बच्चों की सम्पूर्ण देखभाल
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे, शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध "स्वस्थ बचपन, उज्जवल भविष्य
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें मो. 9713667433, 9617247433

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द; नसों का रोग; मानसिक रोग; त्वचा एवं बालों का रोग; स्त्री रोग; मूत्र संबंधी रोग; मधुमेह (डायबिटीज़); नेत्र रोग; किडनी संबंधी रोग; पेट संबंधी विकार; थायराइड; मांसपेशी का रोग; अस्थमा; मोटापा; मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

अब मोतिया-बिन्द की सर्जरी से डरना छोड़िए!
BHASKAR EYE CARE
अनुभवी फेको सर्जन; बिना इंजेक्शन; बिना टांके; बिना पट्टी
MICS तकनीक से सुरक्षित एवं आरामदायक सर्जरी
तेज रिकवरी, तुरंत घर वापसी कम समय में सर्जरी
प्रीमियम MULTIFOCAL / EDOF लैंस उपलब्ध
बिना इंजेक्शन के आई ड्रॉप से सर्जरी
फिर से साफ दिखेगा परिवार का हर मुस्कुराता चेहरा
डॉ. दिलीप लालवानी, नेत्र रोग विशेषज्ञ, फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ (MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON; ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE; AAO MEMBER)
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

THE LOTUS CONSULTANCY JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
COLLEGES COUNSELLING; DEEMED COLLEGE COUNSELLING; STATE PVT./ GOVT. COLLEGES; FORM FILLUP ASSISTANCE; LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance | Available On Sunday in Ambikapur
CALL FOR PERSONAL GUIDANCE ANU SHARMA 9109920477

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S, MD. (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खॉसी, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर, इस्नोफिलिया,PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनाँक - 09 अगस्त, 2026
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी; किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज; प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज; यौन संबंधी समस्याएं; महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI, MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
विपुल अग्रवाल
वन मण्डल अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ, सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
अनिल मित्तल
जिला आबकारी अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
अजय मरकाम
सिविल सर्जन
एवं समस्त स्टाफ जिला चिकित्सालय, सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
शुभम बंसल
महिला बाल विकास
एवं समस्त स्टाफ सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
उपसंचालक कृषि विभाग
एवं समस्त स्टाफ सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
ग्रामीण यांत्रिकी विभाग
एवं समस्त स्टाफ सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
संदीप भगत
जिला खाद्य अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
प्रधानमंत्री सड़क योजना
एवं समस्त स्टाफ सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
जिला परिवहन अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
ललीत भोई
लोक निर्माण विभाग
एवं समस्त स्टाफ सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
बुधराम सिंह टेकाम
जिला विपणन अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
एवं समस्त स्टाफ सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
जल संसाधन विभाग
एवं समस्त स्टाफ सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
जिला शिक्षा अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

भूलन सिंह मरावी
विधायक, प्रेमनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

देव गुप्ता
जिलाध्यक्ष
भाजयुमो, सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...

कुसुमलता राजवाड़े
जिलाध्यक्ष
भाजयुमो, सूरजपुर
शैलेष अग्रवाल (शैलू)
जिलाध्यक्ष
भाजयुमो, सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...

उमेश वस्त्रकार
वन परिक्षेत्र अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
हरेन्द्र सिंह
विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
बृजकिशोर पाण्डेय
यातायात पुलिस
जिला सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
विजेन्द्र पाटले
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत, सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

मनीष गायकवाड़
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ, सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

भावना सिंह
जनपद सदस्य, सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
अलरिक लकड़ा
नगर निरीक्षक
थाना सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
कपिल देव पैकरा
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
एवं सतस्त स्टाफ, सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

अश्विनी सिंह
पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष - कांग्रेस
जिला- सूरजपुर
मनोज डालमिया
शहर अध्यक्ष - कांग्रेस
जिला- सूरजपुर
आकाश साहू
जिला अध्यक्ष
NSUI, सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

अनवर खान
हरिभूमि प्रतिनिधि सूरजपुर
जिला - सूरजपुर (छ.ग.)
मो.- 8770516345
अमन खान (सीनु)
संकलनकर्ता
जिला- सूरजपुर
(छ.ग.)

खबर संक्षेप

तीन बाइक चोरी के मामले सुलझे, नाबालिग हिरासत में

बैकुण्ठपुर। बैकुंठपुर कोतवाली पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के तीन मामलों का खुलासा करते हुए चोरी की तीन बाइक बरामद की हैं। मामले में शामिल विधि से संघर्षरत बालक को पुलिस ने अभिरक्षा में लेकर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे बाल सम्प्रेक्षण गृह, अंबिकापुर भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक कोरिया हरीश राठौर के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह एवं एसडीओपी बैकुंठपुर राजेश साहू के मार्गदर्शन में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए थाना प्रभारी बैकुंठपुर के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी। टीम द्वारा संदिग्धों के साथ ही चोरी गए वाहनों की लगातार तलाश की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए प्रेमाबाग और जामपारा क्षेत्र से अलग-अलग स्थानों से चोरी हुई कुल तीन मोटरसाइकिलें बरामद कीं। पुलिस की कार्रवाई से वाहन चोरी के तीन मामलों का खुलासा हुआ है। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई करते हुए विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

बैटरी और मोटर पंप चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

बैकुण्ठपुर। बैकुंठपुर कोतवाली पुलिस ने चोरी के दो मामलों का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया सामान भी बरामद किया है।

क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी बैकुंठपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई थी। टीम द्वारा संदिग्धों और चोरी गए सामान की लगातार तलाश की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने नरसिंहपुर नूर अली उर्फ गोलू, पिता अबीर अली, उम्र 31 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में ग्राम केनापारा स्थित अलग-अलग घरों से ट्रैक्टर की बैटरी और मोटर पंप चोरी करने की बात सामने आई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी का सामान बरामद कर लिया। मामले में आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 245/26 में धारा 331(4), 305 बीएनएस तथा अपराध क्रमांक 246/26 में धारा 303(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई है।

कृषि ऋण आउटरीच कैम्प आज

बैकुण्ठपुर। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा किसानों एवं कृषि से जुड़े हितग्राहियों को बैंकिंग सुविधाओं और विभिन्न ऋण योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से 17 अगस्त 2026 को देशव्यापी कृषि ऋण आउटरीच कैम्प का आयोजन किया जाएगा। कोरिया जिले में अग्रणी बैंक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की बैकुंठपुर, सरडी, पांडवपारा, रजौली एवं सोनहत शाखाओं द्वारा विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। मुख्य कार्यक्रम आरसेटी (सेंट्रल बैंक प्रशिक्षण संस्थान), छिंदडांड, कोरिया में आयोजित होगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत बैकुंठपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

शतरंज और क्रिकेट में राज्य स्तरीय खिलाड़ी चयनित

मनेन्द्रगढ़। यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने खेल जगत में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों ने जोन स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की, इसके बाद जिला एवं संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इसी सफलता के आधार पर विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। शतरंज प्रतियोगिता में जिला स्तरीय विजेता टीम में दामिनी राय, शुभम शाह, दिशा केवट एवं अनिका विश्वकर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इनमें से दिशा केवट एवं अनिका विश्वकर्मा का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। वहीं अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थी रिशु पटेल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया।

गेज नदी से जल लेकर आज छुरीगढ़ धाम जाएंगे कांवड़िए, बोल बम से गूंजेगा शहर

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

सावन के तीसरे सोमवार के अवसर पर 17 अगस्त को बैकुंठपुर से विशाल कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। शहर के गेज नदी तट से कांवड़िए जल भरकर पैदल लंबी दूरी तय करते हुए छुरीगढ़ धाम पहुंचेंगे और वहां प्राचीन शिवलिंग का जलाभिषेक करेंगे। कांवड़ यात्रा के दौरान प्रेमाबाग मंदिर परिसर सहित शहर का वातावरण हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंजायमान रहेगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी देवराहा बाबा सेवा समिति बैकुण्ठपुर के तत्वावधान में विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया है। सुबह 8 बजे प्रेमाबाग मंदिर परिसर के समीप स्थित गेज नदी से कांवड़िए जल भरेंगे। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ कांवड़ यात्रा की शुरूआत होगी। निर्धारित समय से पहले ही शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से कांवड़ियों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। प्रेमाबाग मंदिर परिसर से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा कुमार चौक होते हुए छुरीगढ़ धाम के लिए रवाना होगी। भगवा वस्त्र धारण किए कांवड़िए कंधे पर कांवड़ लेकर बोल बम के जयकारे लगाते हुए पैदल छुरीगढ़ धाम पहुंचेंगे। यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर कांवड़ियों के स्वागत के साथ जलपान की व्यवस्था भी की जाएगी।

सावन का तीसरा सोमवार आज, दो दशक बाद बना दुर्लभ संयोग, नागपंचमी भी आज

ऊंची पहाड़ी पर गूंजेगा बोल बम

कांवड़िए लंबी दूरी तय कर छुरीगढ़ धाम की ऊंची पहाड़ी पर पहुंचेंगे। पहाड़ी पर पहुंचते ही बोल बम और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा अंचल गूंज उठेगा। कांवड़िए यहां स्थित प्राचीन शिवलिंग पर गेज नदी से लाए जल से जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना करेंगे। कांवड़ यात्रा के अवसर पर छुरीगढ़ पहाड़ की तलहटी में मेले जैसा नजारा देखने को मिलता है। यहां दिनभर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। पहाड़ की तलहटी से लेकर चोटी तक बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी रहती है और पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा रहता है।

सावन के तीसरे सोमवार को शिवालयों में उमड़ेगी भीड़

सावन के तीसरे सोमवार को जिलेभर के शिवालयों में हर-हर महादेव की गूंज सुनाई देगी। सुबह होते ही श्रद्धालु अपने-अपने क्षेत्र के शिवालयों में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचना शुरू करेंगे और दोपहर तक मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहेगा।

दुर्लभ संयोग के साथ नागपंचमी आज

सावन के तीसरे सोमवार के दिन ही आज नागपंचमी का पर्व मनाया जाएगा। ज्योतिषीय दृष्टि से इस वर्ष नागपंचमी का पर्व शुभ संयोग में पड़ रहा है। करीब दो दशक बाद नागपंचमी सोमवार के दिन पड़ने से इस पर्व का विशेष महत्व माना जा रहा है। नागदेवता भगवान शिव के गले का आभूषण माने जाते हैं और नागपंचमी का सोमवार को पड़ना इसे और विशेष बना रहा है। ज्योतिषियों के अनुसार सावन सोमवार के दिन नागपंचमी पड़ना श्रद्धालुओं के लिए शुभ माना जाता है। इस दिन भगवान शिव की आराधना करने से विशेष फल की प्राप्ति की धार्मिक मान्यता है। वहीं कालसर्प दोष और राहु-केतु दोष की शांति के लिए भी यह दिन महत्वपूर्ण माना जाता है। नागपंचमी के अवसर पर श्रद्धालु नागदेवता की पूजा-अर्चना करते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन नाग देवता का दर्शन करना भी शुभ माना जाता है। कई श्रद्धालु नागदेवता के लिए दूध और लावा आदि रखते हैं।

न बीन की धुन सुनाई देती, न नाग देवता के दर्शन

कुछ वर्ष पहले तक सावन माह शुरू होते ही शहर से लेकर गांवों तक सपेरों की टोलियां पहुंच जाती थीं। सार्वजनिक स्थलों के साथ ही घर-घर जाकर सपेरे नाग देवता के दर्शन कराते थे।

बैकुंठपुर में हर्षोल्लास से मना 80वां स्वतंत्रता दिवस

भईयालाल ने ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह देशभक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रामानुज मिनी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में बैकुंठपुर विधायक भईया लाल राजवाड़े ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री

विष्णुदेव साय के स्वतंत्रता दिवस संदेश का वाचन करते हुए जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। ध्वजारोहण के बाद विधायक श्री राजवाड़े ने कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव एवं पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर के साथ परेड का निरीक्षण किया। रक्षित निरीक्षक के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, छत्तीसगढ़ पुलिस बल, महिला पुलिस बल, नगर सेना पुरुष एवं महिला तथा एनसीसी सीनियर कैडेट्स की टुकड़ियों ने आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया। समारोह में शांति और सौहार्द के प्रतीक रंगीन गुब्बारे भी आकाश में छोड़े गए। समारोह में विधायक भईया लाल राजवाड़े ने शहीदों के परिजनों से आत्मीयता से मुलाकात की। उन्होंने उनका हालचाल जाना और स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। जिले में अपने दायित्वों का उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय निर्वहन करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इनमें कलेक्टर कार्यालय, स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक निर्माण, पुलिस, नगर सेना एवं अग्निशमन, वन, खेल एवं युवा कल्याण, आयुष तथा आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। सम्मानित होने वालों में कलेक्टर कार्यालय के ई-जिला प्रबंधक राकेश कुमार एवं सहायक ग्रेड-03 श्रीमती किरण टोप्पो शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग से जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अनित कुमार बखला, 108 संजीवनी एंबुलेंस सेवा के ईएमटी परमेश्वर, वाहन चालक श्री दिनेश तथा जिला चिकित्सालय के ड्रेसर ग्रेड-02 सचिन कुमार शर्मा को सम्मानित किया गया।

मनेंद्रगढ़ में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी ने ली परेड की सलामी

मनेंद्रगढ़। देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मनेंद्रगढ़ के आमाखेरवा स्थित पुलिस ग्राउंड में गरिमामय एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल रहे जिन्होने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को नमन किया और परेड की सलामी ली। ध्वजारोहण के साथ ही पूरा समारोह स्थल राष्ट्रभक्ति के भाव से सराबोर हो उठा। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंकिता सोम सहित, जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, शहीद परिवारों के सदस्य तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के पश्चात मुख्य अतिथि श्री जायसवाल ने प्रदेशवासियों के नाम मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के संदेश का वाचन किया। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जिले के शहीद परिवारों के सदस्यों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर जिले में साइबर जागरूकता अभियान का भी शुभारंभ किया गया। यह अभियान 15 अगस्त से 2 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा।

स्कूली बच्चों ने दी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां- स्वतंत्रता दिवस समारोह में जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, देशभक्ति गीत, समूह नृत्य एवं राष्ट्रप्रेम से जुड़ी प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वहीं समारोह के अंत में जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कोपरेटिव लाइन में 22 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

चरचा कॉलरी। नगर पालिका शिवपुर-चरचा के वार्ड क्रमांक 9-10 स्थित कोपरेटिव लाइन में शनिवार रात एक 22 वर्षीय युवती ने कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार कोपरेटिव लाइन निवासी पायल दास, पिता जागो दास, उम्र 22 वर्ष शनिवार रात घर के पीछे सीट के एंगल में दुपट्टे का फंदा लगाकर लटक गई। रविवार तड़के करीब 4 बजे जब उसकी मां घर से बाहर निकलीं, तब उनकी नजर बेटी पर पड़ी। बेटी को फांसी पर लटका देखकर उन्होंने तत्काल आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। घटना की सूचना मिलते ही चरचा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी निरीक्षक कृपाल सिंह गौतम ने महिला पुलिसकर्मियों के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मामले

की गंभीरता को देखते हुए चिरमिरी से फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया। टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए और पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा कार्रवाई की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। परिजनों के अनुसार पायल अपने पिता जागो दास की पांच बेटियों में सबसे छोटी थी। वह परिवार में सभी की लाडली थी और घर की जिम्मेदारियों में भी सहयोग करती थी। बताया गया कि पायल प्रतिदिन अपने पिता को ड्यूटी पर लाने-ले जाने में मदद करती थी तथा घर-परिवार का भी पूरा ख्याल रखती थी।

दो दिवसीय दंगल में उमड़ी भीड़ पहलवानों ने भी दिखाए दांव-पेंच

बैकुण्ठपुर। कोरिया जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर में आयोजित दो दिवसीय दंगल प्रतियोगिता में पहलवानों के रोमांचक दांव-पेंच देखने के लिए दोनों दिन लोगों की भारी भीड़ उमड़ी रही। आयोजक सीए प्रशांत गुप्ता ने अपने पिता स्व. रामधनी गुप्ता की स्मृति में 15 एवं 16 अगस्त को प्रेमाबाग मंदिर परिसर में दंगल प्रतियोगिता का आयोजन कराया। 15 अगस्त को प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ हुआ। इसके बाद विभिन्न स्थानों से पहुंचे पहलवानों ने अखाड़े में अपने दमखम और कुश्ती के दांव-पेंच का प्रदर्शन किया। मुकाबलों के दौरान दर्शकों ने तालियां बजाकर पहलवानों का उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिता शुरू होने के कुछ समय बाद बारिश होने से कुश्ती मुकाबलों में कुछ देर के लिए व्यवधान आया। बारिश थमने के बाद दोबारा प्रतियोगिता शुरू हुई और देर शाम तक अखाड़े में पहलवानों के बीच मुकाबले चलते रहे। दूसरे दिन भी विभिन्न स्थानों से पहुंचे पहलवानों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। प्रतियोगिता में महिला पहलवानों की मौजूदगी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। महिला पहलवानों ने भी अखाड़े में अपने हुनर और दमखम का प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। आयोजित दंगल प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए पहलवानों के साथ छत्तीसगढ़ के पहलवानों ने भी हिस्सा लिया। दो दिनों तक चले इस आयोजन में कुश्ती के मुकाबलों का लोगों ने जमकर आनंद लिया। प्रेमाबाग मंदिर परिसर में देर शाम तक दर्शकों की भीड़ बनी रही।

चरचा में आन-बान और शान से लहराया तिरंगा, देशभक्ति के रंग में रंगा पूरा क्षेत्र

चरचा कॉलरी। स्वतंत्रता दिवस एवं आजादी की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर नगर पालिका परिषद शिवपुर-चरचा सहित पूरे चरचा क्षेत्र में देशभक्ति और उत्साह का माहौल रहा। नगर पालिका परिसर एवं स्वामी आत्मानंद विद्यालय परिसर में नगर पालिका अध्यक्ष अरुण जायसवाल ने आन-बान और शान के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुक्ता सिंह चौहान, उप अभियंता आलोक चक्रधारी, पार्षदगण एवं नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान देशभक्ति से ओतप्रोत वातावरण देखने को मिला। इसी क्रम में हिन्द विद्यालय अंग्रेजी माध्यम हायर सेकेंडरी स्कूल, चरचा में नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा अनुशासित परेड प्रस्तुत की गई, जिसका अतिथियों एवं स्कूल संस्था के पदाधिकारियों ने

निरीक्षण किया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रम प्रस्तुत कर स्वतंत्रता दिवस के उत्साह को और बढ़ाया। 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चरचा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में भी ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। सरस्वती शिशु मंदिर, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, शासकीय बालक शाला सहित अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रभातफेरी निकाली। हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय और देशभक्ति के नारों के साथ निकली प्रभातफेरी चरचा के प्रमुख मार्गों से होकर वापस विद्यालय परिसर पहुंची। ऑटो संघ यूनियन द्वारा श्रमवीर स्टेडियम के समीप टावर चौक पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस दौरान ऑटो संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे और सभी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं गौरव को बनाए रखने का संकल्प लिया। चरचा कॉलरी के विभिन्न श्रमिक संगठनों द्वारा भी अपने-अपने कार्यालयों में सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने अपने कार्यालय के समीप ध्वजारोहण किया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।वहीं चरचा वेस्ट में खान प्रबंधक बी.के. पाण्डेय ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। चरचा माइन आरओ के सबेरिया कार्यालय में सह क्षेत्र

प्रबंधक संजय कुमार ने गरिमापूर्ण ढंग से तिरंगा फहराया। इस दौरान सुरक्षा प्रहरियों ने परेड करते हुए राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर थाना चरचा परिसर में थाना प्रभारी निरीक्षक कृपाल सिंह गौतम ने सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज फहराया। पुलिस जवानों ने तिरंगे को सलामी दी।

चरचा के सब्जी बाजार को मिलेगी नई पहचान

27.30 लाख से बनेंगे तीन नए शेड

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी

नगर पालिका शिवपुर-चरचा के दैनिक सब्जी बाजार की तस्वीर अब बदलने वाली है। बाजार में लंबे समय से धूप, बारिश और मौसम की मार झेलते हुए व्यवसाय करने वाले सब्जी विक्रेताओं के साथ खरीदारी करने पहुंचने वाले नागरिकों को जल्द ही बड़ी राहत मिलने जा रही है।

नगर पालिका अध्यक्ष अरुण जायसवाल की मांग और पहल पर मंडी समिति द्वारा 27 लाख 30 हजार रुपये की लागत से तीन नए हाट बाजार शेड का निर्माण कराया जाएगा। निर्माण कार्य का भूमिपूजन गरिमामय समारोह में किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री भैयालाल

राजवाड़े, कलेक्टर कोरिया श्रीमती रोक्तिमा यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अरुण जायसवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह, वरिष्ठ पार्षद श्रीमती रामकली पाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पार्षद, व्यापारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। शिवपुर-चरचा के दैनिक सब्जी बाजार को व्यवस्थित करने की दिशा में नगर पालिका पहले भी करीब 64 लाख रुपये की लागत से हाट बाजार शेड का निर्माण करा चुकी है। अब बाजार की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए तीन नए शेडों के निर्माण की स्वीकृति मिली है। इस नए निर्माण से बाजार में अतिरिक्त स्थान उपलब्ध होगा और विक्रेताओं को व्यवस्थित तरीके से दुकान लगाने में सुविधा होगी।वर्तमान में खुले स्थान पर दुकान लगाने वाले सब्जी विक्रेताओं को बारिश के दिनों में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। तेज धूप में भी उन्हें घंटों खुले में बैठकर व्यवसाय करना पड़ता है। नए शेड बनने के बाद विक्रेताओं को धूप और बारिश से राहत मिलेगी। इससे रोजमर्रा की सब्जी बिक्री भी अधिक सुविधाजनक तरीके से संचालित हो सकेगी। दैनिक सब्जी बाजार केवल व्यापार का स्थान नहीं, बल्कि चरचा और आसपास के लोगों की रोजमर्रा की जरूरत का प्रमुख केंद्र है।

85 बोरी खाद और 68 बोतल नैनो यूरिया जब्त

जनकपुर। जिले में रासायनिक उर्वरकों की कालाबाजारी, ओवररेटिंग और अवैध भंडारण के खिलाफ कृषि विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर एमसीबी के निर्देश और उप संचालक कृषि के मार्गदर्शन में गठित जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल ने विकासखंड भरतपुर के जनकपुर स्थित मीरा कृषि सेवा केंद्र का औचक निरीक्षण कर भारी मात्रा में अनधिकृत उर्वरक स्टॉक जब्त किया है। कृषि विभाग के अनुसार किसान हेल्पलाइन सेंटर के माध्यम से शिकायत प्राप्त हुई थी कि मीरा कृषि सेवा केंद्र द्वारा किसानों को शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक कीमत पर डीएपी खाद 2200 रू. प्रति बोरी में बेची जा रही है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल ने तत्काल प्रतिष्ठान पहुंचकर जांच की।

निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान की एकीकृत उर्वरक प्रबंधन प्रणाली

आईडी एवं मशीन में उर्वरक का स्टॉक शून्य प्रदर्शित हो रहा था। वहीं, दुकान परिसर में भौतिक सत्यापन करने पर बड़ी मात्रा में उर्वरक का अनधिकृत भंडारण पाया गया। कुल 85 बोरी उर्वरक और 68 बोतल नैनो यूरिया जब्त किया गया। 21 दिन के लिए खरीद-बिक्री पर प्रतिबंध कृषि विभाग के अनुसार रजिस्टर में स्टॉक दर्ज किए बिना उर्वरक का अनधिकृत भंडारण एवं विक्रय उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के प्रावधानों का उल्लंघन है। उर्वरक निरीक्षक द्वारा मौके पर पंचनामा एवं जब्ती पत्रक तैयार कर संपूर्ण उर्वरक एवं नैनो यूरिया को जब्त किया गया। जब्त सामग्री को आगामी आदेश तक संबंधित डीलर की सुपुर्दगी में रखा गया है। कार्रवाई के दौरान अनुविभागीय कृषि अधिकारी, मनेंद्रगढ़ धर्मेंद्र कुमार कुर्रे, उर्वरक निरीक्षक एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, भरतपुर इन्द्रपाल वास्कले, क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी तथा उड़नदस्ता दल के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

भूलन सिंह मरावी
विधायक प्रेमनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

श्रीमती रेखा राजवाड़े
उपाध्यक्ष
जिला पंचायत, सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

नरेश राजवाड़े
पूर्व जिपंउपाध्यक्ष
जिला- सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

शमशेर खान
जनपद सदस्य
पूर्व उपाध्यक्ष, रामानुजनगर
जिला - सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

प्रताप साहू
उपाध्यक्ष
ज.पं. रामानुजनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

महेन्द्र कुमार साहू
अध्यक्ष
ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, रामानुजनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

विराट विशी
थाना प्रभारी
थाना - रामानुजनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

श्रीमती पूजा यादव
वन परिक्षेत्राधिकारी
रामानुजनगर - प्रेमनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
नारद सिंह
डिप्टी रेंजर
परशुरामपुर प्रेमनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
गुड्डू कुशवाहा
थाना प्रभारी
प्रेमनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
रविशंकर तिवारी
डिप्टी रेंजर
गणेशपुर, रामानुजनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
मनोरंजन सिंह
डिप्टी रेंजर
रामानुजनगर, दतिमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
अभिषेक पाण्डेय
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
रामानुजनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
परमेश्वर यादव
प्रदेश अध्यक्ष, सर्व यादव समाज
युवा प्रकोष्ठ, छ.ग.

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
सुरेन्द्र कुमार पैंकरा
एस.डी.ओ.
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, प्रेमनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती मीनु मण्डल
एस.डी.ओ.
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, रामानुजनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
सुरेश मिश्रा
लोक निर्माण विभाग
उपसंभाग - प्रेमनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
देवराजेन्द्र सिंह
अध्यक्ष
सचिव संघ, रामानुजनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
गुलाब सिंह
अध्यक्ष
ज.पं., रामानुजनगर, जिला- सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
अवधेश कुमार साहू
विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी
रामानुजनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
प्रेम साय पैंकरा
P.E.O.
VBG जी राम जी
कार्यकारी अधिकारी, रामानुजनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

ईस्माईल खान
प्रदेश उपाध्यक्ष
कांग्रेस कमेटी, सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

संजय कुमार पोया
ब्लॉक अध्यक्ष
गोंडवाना गोंड महासभा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
डॉ.राजेश पटेल
प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र
गणेशपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
राजकुमार राजवाड़े
प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र
परशुरामपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
डॉ.महेन्द्र राज यादव
प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र
देवनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
डॉ.नूर मो.
प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र
चन्द्रपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
डॉ.तृप्ती सिंह
प्रा.स्वास्थ्य केन्द्र, उमापुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
एक शुभचिंतक
रामानुजनगर
जिला- सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

श्रीमती जानकी सिंह
जनपद सदस्य
ओरकेरा क्षेत्र क्र.16
परशुरामपुर सेंदुरी, अक्षयपुर, रामानुजनगर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

संकलनकर्ता
आशिक खान
हरिभूमि प्रतिनिधि, रामानुजनगर
जिला - सूरजपुर, छ.ग.
मो. 9575621110

खबर संक्षेप

अनोखी सोच के तत्वावधान में हनुमान मंदिर परिसर में धार्मिक व खेल कार्यक्रम आज

अम्बिकापुर। सामाजिक संस्था अनोखी सोच के तत्वावधान में 17 अगस्त को नाग पंचमी के पावन अवसर पर बाबा विश्वनाथ संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में भव्य धार्मिक व खेल कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के पदाधिकारियों के अनुसार नाग पंचमी के दिन दिनभर चलने वाले कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल महापूजा, सुबह मंदिर प्रांगण में विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नाग पंचमी की विशेष पूजा-अर्चना संपन्न होगी।दोपहर 12 बजे से विशाल कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सीनियर और जूनियर कैटेगरी के पहलवान अपना दमखम दिखाएंगे।सीनियर वर्ग प्रथम विजेता को 21 हजार रुपए तथा द्वितीय विजेता को 11 हजार रुपए नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।जूनियर वर्ग प्रथम विजेता को 10 हजार रुपए नगद तथा द्वितीय विजेता को 5 हजार रुपए नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।सभी विजेताओं व प्रतिभागियों को शील्ड एवं अन्य आकर्षक पुरस्कार भी दिए जाएंगे।सायं 4 बजे से धार्मिक ध्वज के साथ एक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मंदिर प्रांगण में संपन्न होगी।संस्था अनोखी सोच के पदाधिकारियों ने क्षेत्र की समस्त लोगों, खेल प्रेमियों और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पूजा-अर्चना करने, पहलवानों का उत्साहवर्धन करने और शोभायात्रा में शामिल होकर पुण्य के भागी बनने की बात कही है।

नाग पंचमी पर दंगल कुश्ती आज खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

अंबिकापुर। सरगुजा कुश्ती संघ के तत्वाधान में नाग पंचमी के अवसर पर दंगल कुश्ती का आयोजन किया गया है। सरगुजा कुश्ती संघ के विकास पाण्डेय ने बताया कि 17 अगस्त को नाग पंचमी के अवसर पर मल्टी परपज स्कूल मैदान में दंगल कुश्ती का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में सरगुजा केसरी वर्ग के विजेता को 31 हजार, उप विजेता को 15 हजार का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही सरगुजा भीम के विजेताव को 21 हजार व उप विजेता को 10 हजार रूपए, सरगुजा कुमार के विजेता को 11 हजार व उप विजेता को 5 हजार, एवं सरगुजा अभिमन्यु वर्ग में विजेता को 51 सौ व उप विजेता को 25 सौ रूपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

दूरस्थ क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगा रहे शिक्षक अनूप रंजन सोनी सम्मानित

अंबिकापुर। दूरस्थ क्षेत्र में मझवार जनजाति के बच्चों को बेहतर शिक्षा से जोड़ने और विद्यालय में शैक्षणिक वातावरण विकसित करने के उल्लेखनीय प्रयासों के लिए प्राथमिक शाला ख़ासपारा बुले के

शिक्षक अनूप रंजन सोनी को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने उन्हें उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में सम्मानित कर उनके कार्यों की सराहना की। अनूप रंजन सोनी वर्ष 2005 से प्राथमिक शाला बुले में पदस्थ हैं। कुछ समय पहले तक इस दूरस्थ क्षेत्र में पहुंचना भी काफी मुश्किल था, इसके बावजूद उन्होंने लगातार प्रयास करते हुए मझवार जनजाति के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया। उनके प्रयासों का परिणाम है कि वर्तमान में विद्यालय में कक्षा पहली से पांचवीं तक 32 बच्चे अध्ययनरत हैं। शिक्षक अनूप रंजन सोनी ने विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक माहौल तैयार करने के लिए स्वयं के प्रयासों से कई सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। उन्होंने विद्यालय परिसर में 30 से ज्यादा फलदार पौधों का रोपण करने के साथ ही अपने खर्च से 6 डेस्क-बेंच, पंखा, साउंड सिस्टम और बच्चों की पढ़ाई के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई। इसके अलावा विद्यालय में स्मार्ट क्लास की व्यवस्था कर बच्चों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से शिक्षा देने का प्रयास किया जा रहा है। अनूप रंजन ने केवल बच्चों को स्कूल तक लाने तक ही सीमित न रहते हुए उनके अभिभावकों को भी शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया। उन्होंने लगातार अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने और उनकी पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। उनके उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए उन्हें हाल ही में 'शिक्षा दूत' के रूप में भी सम्मानित किया जा चुका है। स्वतंत्रता दिवस पर मंत्री के हाथों मिले सम्मान को उनके वर्षों से किए जा रहे समर्पण और दूरस्थ क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने के प्रयासों की बड़ी पहचान माना जा रहा है।

वार्ड ब्वॉय के भरोसे बिहारपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

- चिकित्वक की लापरवाही से बिगड़ी घायल युवक की बतीयत
- वार्ड ब्वॉय लगा रहा टांके

इन दिनों सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। कहने को तो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं लेकिन विभाग का प्रशासनिक नियंत्रण नहीं होने के कारण चिकित्सक समय पर स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध नहीं होते तथा अस्पताल का संचालन नर्स एवं वार्ड ब्वॉय के भरोसे संचालित किया जा रहा जिसका खामियाजा क्षेत्र के मरीजों को भुगतना पड़ रहा है।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या, सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की जांच किए बिना ही अस्पताल के वार्ड ब्वॉय ने उसकी मरहम पट्टी करने के साथ सिर में टांके भी लगा दिया। परिजन द्वारा हंगामना मचाने के बाद चिकित्सक पहुंचे तो मरीज को देखे बिना ही दवाएं देकर छुट्टी कर दी। घर पहुंचने पर मरीज खून की उल्टियां करने लगा जिसे परिजन ने दूसरे दिन बैढ़न के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। ग्राम पंचायत करौटी ए अंतर्गत ग्राम चोंगा निवासी संजय कुमार साहू पिता कौशल प्रसाद साहू (27 वर्ष) 14 अगस्त की शाम घर लौटने के दौरान आवारा मवेशी से टकरा कर गंभीर रूप से घयल हो गया। सूचना पर सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गज मोचन एवं गांव के कुछ युवा घटना स्थल पर पहुंचे एवं घायल युवक को अपनी वाहन से

टांका लगाते वार्ड ब्वाय।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले आए। अस्पताल में चिकित्सक के मौजूद नहीं होने पर सरपंच ने स्थिति से प्रभारी बीएमओ को अवगत कराया तो उन्होंने घायल की मरहम पट्टी कराने को कहा एवं चिकित्सक की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। चिकित्सक पहुंचते इसके पूर्व ही अस्पताल का वार्ड ब्वॉय सुगन सिंह एवं रामायण देवांगन घायल की ड्रेसिंग करने लगे। घायल की मरहम पट्टी करने के बाद घायल के सिर में टांका लगाने लगे सरपंच ने विरोध किया तथा उपस्थित महिला स्वास्थ्यकर्मी से चिकित्सक के संबंध में पूछताछ करने लगे। सरपंच द्वारा चिकित्सक के संबंध में पूछताछ करने एवं अस्पताल की व्यवस्था पर सवाल उठाने पर महिलाकर्मी भड़क गई और उपस्थित ग्रामीणों से जमकर बदसलूकी की। 20 मिनट बाद चिकित्सक पुहंचे तो मरीज को देखे बिना ही दवाएं लिख दी तथा दवा देकरमरीज को घर भेज दिया। इधर घर पहुंचने के कुछ देर बाद घायल युवक की तबीयत बिगड़ गई तथा वह खून की उल्टियां करने लगा। परिजन ने जैसे-तैसे निजी वाहन की व्यवस्था कर सीमावर्ती मध्यप्रदेश अंतर्गत सिंगरौली जिला के एक निजी अस्पताल ले गए जहां युवक का उपचार चल रहा है। परिजन का कहना है कि दो दिन का समय गुजरने के बावजूद युवक की उल्टियां बंद नहीं हुई हैं तथा वह लगातार खून की उल्टियां कर रहा है तथा उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

महिला स्वास्थ्यकर्मी पर दुर्व्यवहार करने का आरोप

घायल युवक के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मौजूद सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गजमोचन सिंह ने सीएससी प्रबंधन पर मरीजों की जान से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है तथा माले की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि चिकित्सक के संबंध में पूछताछ करने एवं वार्ड ब्वॉय द्वारा घायल युवक के सिर में टांके लगाने की बात कहने पर उपस्थित महिला स्वास्थ्यकर्मी ने उनके साथ गाली-गलौज किया साथ ही चप्पल से मारने की धमकी भी दी। अस्पताल के अधिकारी-कर्मचारी क्षेत्र के भेले-भाले ग्रामीणों के साथ कैसा व्यवहार करते होंगे तथा उनका उपचार किस तरह चल रहा है इसका अंदाजा सहल ही लगाया जा सकता है।

हो चुकी है कई घटनाएं

सरपंच ने बताया कि वार्ड ब्वॉय द्वारा मरीज की मरहम पट्टी करने, टांके लगाने एवं चिकित्सक की मनमानी का यह पहला मामला नहीं है। चिकित्सकों के मनमाने तरीके से अस्पताल आने की इसके पूर्व भी केई घटनाएं हो चुकी हैं। प्रभारी बीएमओ का स्वास्थ्य अमले पर कोई नियंत्रण नहीं है। वे स्वयं भी समय पर अस्पताल नहीं आते। वार्ड ब्वॉय द्वारा मरीजों की मरहम पट्टी करना एवं टांके लगाना आम बात है। इसके पूर्व भी इस तरह की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं लेकिन विभाग के अधिकारियों ने लापरवाह चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई न कर मनमानी करने की खुली छूट दे दी है।

लूता हूं जानकारी

प्रभारी बीएमओ से घटना की जानकारी लेता हूं। स्टॉफ नहीं होने के कारण भारी परेशानी हो रही है तथा कई बार विपरीत स्थितियां निर्मित हो रही हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने प्रभारी बीएमओ को हटाने के निर्देश दिए हैं। मैं भी 30 अगस्त के बाद बीएमओ पद से इस्तीफा दूंगा।

-**डॉ. विजय चौहान**, बीएमओ, ओड़गी

चिकित्सक समय पर मरीज की चोट का आंकलन कर लेते तो ऐसी स्थिति निर्मित नहीं होती।

वन विभाग ने उपलब्ध कराई सहायता राशि

हाथी के हमले में ग्रामीण की मौत जंगल गया था मवेशी चराने

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

खास बात

- झारखंड की ओर से आया था हाथी

रामानुजगंज वन परिक्षेत्र के ग्राम शिवपुर में नर हाथी के हमले में एक ग्रामीण की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि रविवार सुबह ग्रामीण अपने घर के पीछे भैंस चराने के लिए जंगल की ओर गया था। इसी दौरान झारखंड की ओर से पहुंचे नर हाथी ने हमला कर दिया। हाथी के हमले में ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार ग्राम शिवपुर निवासी इन्द्रनाथ सिंह (59 वर्ष) रविवार की सुबह मवेशी चराने घर के पीछे जंगल की ओर गया था। मवेशियों को चारा खाने के लिए ग्रामीण जंगल छोड़कर बैठा था। इस दौरान हाथी ने ग्रामीण को पीछे से अपनी सूंड पकड़ कर जमीन पर पटक कर कुचल दिया जिससे ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। घटना इतनी अचानक हुई कि ग्रामीण को संभलने और भागने तक का मौका नहीं मिल सका। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग और विजयनगर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों और कर्मचारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा घटना की जानकारी जुटाई। वन विभाग के अनुसार झारखंड की ओर से एक नर हाथी शिवपुर के जंगल क्षेत्र में पहुंचा था, इसी दौरान उसका सामना जंगल में भैंस चरा रहे ग्रामीण से हुआ।

वन विभाग और पुलिस की मौजूदगी में आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए रामानुजगंज के 100 बिस्तरीय अस्पताल लाया गया। मौके पर वन विभाग के एसडीओ आलोक जायसवाल, धमनी रेंजर केशवराज खटकर, बलरामपुर रेंजर निखिल सक्सेना, विजयनगर चौकी प्रभारी अश्विनी सिंह सहित वन एवं पुलिस विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

परिजन को सहायता राशि देते वन अधिकारी।

परिजन को दी गई 25 हजार की सहायता

घटना के बाद वन विभाग की टीम पीड़ित परिवार के घर पहुंची और तत्काल सहायता राशि के रूप में 25 हजार रुपए प्रदान किए। वन विभाग के एसडीओ आलोक जायसवाल ने बताया कि प्रकरण तैयार होने और आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद मुआवजा राशि में शेष 5 लाख 75 हजार रुपए पीड़ित परिवार के खाते में भेजे जाएंगे। इस तरह नियमानुसार कुल 6 लाख रुपए की सहायता राशि मिलने की बात कही गई है।

शिवपुर में हाथी के हमले से तीसरी जनहानि

ग्रामीणों के मुताबिक शिवपुर क्षेत्र में हाथियों के हमले से जनहानि का यह पहला मामला नहीं है। मई 2024 में ग्राम पंचायत शिवपुर के सरपंच ब्रह्मदेव सिंह की बुजुर्ग मां कलावती देवी की हाथी के हमले में मौत हुई थी। इसके बाद इसी वर्ष अप्रैल में झारखंड से अपनी बहन के घर शिवपुर आई एक युवती की जंगल में महुआ बीनने के दौरान हाथी के हमले में मौत हो गई थी। अब इन्द्रनाथ सिंह की मौत के बाद ग्रामीणों में चिंता और नाराजगी बढ़ गई है।

चीनिया में घर को भी पहुंचाया नुकसान

ग्रामीणों के अनुसार जिस हाथी के हमले में इन्द्रनाथ सिंह की मौत हुई, उसी हाथी ने इससे पहले रात में झारखंड के चीनिया क्षेत्र में एक घर को भी नुकसान पहुंचाया था। ग्रामीणों का कहना है कि हाथी की गतिविधि की समय पर जानकारी मिलने से लोग सतर्क हो सकते थे।

कनहर नदी पार कर गांवों में पहुंचते हैं हाथी

रामानुजगंज वन परिक्षेत्र का शिवपुर और झारखंड का चीनिया क्षेत्र आपस में लगे हुए हैं। दोनों राज्यों के बीच कनहर नदी बहती है। ग्रामीणों के अनुसार हाथियों का दल कई बार झारखंड की ओर से कनहर नदी पार कर शिवपुर और आसपास के गांवों में पहुंचता है। इसके बाद हाथियों की आवाजाही रामानुजगंज वन परिक्षेत्र सहित आसपास के जंगलों में बनी रहती है। इस क्षेत्र में मानव-हाथी संघर्ष के चलते लगातार खतरा बना रहता है।

लगातार जागरूकता की मांग

किसान मोर्चा के महामंत्री विवेक यादव ने कहा कि शिवपुर में हाथी के हमले से यह तीसरी जनहानि है। उनका आरोप है कि किसी घटना के बाद विभाग की टीम मौके पर पहुंचती है, लेकिन उसके बाद नियमित रूप से ग्रामीणों को हाथियों की मौजूदगी की जानकारी नहीं मिल पाती। उन्होंने कहा कि मुनादी के साथ-साथ व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया माध्यमों से भी ग्रामीणों को तत्काल सूचना दी जानी चाहिए। यादव ने कहा कि घटना से पहले चीनिया में इसी हाथी द्वारा एक घर को नुकसान पहुंचाए जाने की जानकारी ग्रामीणों तक समय पर नहीं पहुंची। यदि आसपास के गांवों को हाथी की मौजूदगी की सूचना मिल जाती तो लोग सतर्क हो सकते थे। उन्होंने वन विभाग से हाथी प्रभावित गांवों में लगातार जागरूकता अभियान चलाने और समय पर सूचना उपलब्ध कराने की मांग की।

लगातार कराई जा रही मुनादी

हाथी प्रभावित क्षेत्रों में विभाग की ओर से लगातार मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है। मृतक के परिवार को तत्काल 25 हजार रुपए की सहायता राशि दी गई है। प्रकरण तैयार होने के बाद नियमानुसार शेष 5 लाख 75 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

-**आलोक जायसवाल**, एसडीओ वन विभाग

तीन दिन में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो होगा चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- सामाजिक संगठनों ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

नगर में 26 जुलाई को दिनदहाड़े एक करोड़ की ज्वेलरी की उठाईगिरी के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठे सर्राफा व्यापारियों को नगर के सामाजिक संगठनों ने समर्थन देते हुए थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने तीन दिनों के अंदर उठाईगिरी के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। तीन दिन के अंदर गिरफ्तारी नहीं होने पर सामाजिक संगठन पीड़ित पक्ष के साथ मिलकर नगरबंद एवं चक्काजाम करेगी।

विदित हो कि विगत 27 जुलाई को नगर के काशी विश्वनाथ के ज्वेलर्स के संचालक अरुण सोनी के साथ एक करोड़ रुपये की ज्वेलरी की उठाईगिरी हो गई थी। उठाईगीरों ने घात लगाकर इस घटना को अंजाम दिया था और स्कूटी में टंगे हुए ज्वेलरी से भरा बैग लेकर फरार हो गए थे। इस घटना के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर नगर में जमकर हंगामा मचा था। दिनदहाड़े हुई उठाईगिरी की इस घटना के बाद व्यापारी एवं सर्राफा व्यापारी संघ समेत नगरवासियों ने मिलकर नगरबंद एवं चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया था। इस दौरान एडिशनल एसपी समेत आईजी एसपी ने आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया था। आश्वासन के बाद भी जब आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए सर्राफा व्यापारी एवं व्यापारी संघ पीड़ित पक्ष के साथ मिलकर थाने के बाजू में धरने पर बैठ गये। धरना प्रदर्शन के बाद भी दिनदहाड़े हुई उठाईगिरी के मामले में 21 दिन बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से नगर के सामाजिक संगठन अब आगे आकर धरना प्रदर्शन को अपना समर्थन दे रहे हैं। दो दिन पहले अधिवक्ता संघ एवं सर्व आदिवासी समाज ने धरना प्रदर्शन को अपना समर्थन दिया था। अब सर्व ब्राम्हण समाज क्षत्रिय समाज, अग्रवाल समाज, साहू समाज, कंवर समाज, उरांव समाज, रौनियार समाज, सिख समाज, मुस्लिम समाज, पनिका समाज, स्वर्णकार समाज समेत सीतापुर विकास मंच ने अपना समर्थन देते हुए थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा।

सौपे गए ज्ञापन में दिनदहाड़े हुई उठाईगिरी के आरोपियों को 19 अगस्त तक गिरफ्तार करने की मांग की है। बुधवार रात तक गिरफ्तार नही होने पर गुरुवार को सर्राफा व्यापारी संघ व्यापारी संघ समेत नगर के सभी सामाजिक संगठन संयुक्त रूप से पीड़ित पक्ष के साथ मिलकर नगर बंद एवं चक्काजाम करेंगे।

अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ा गया युवक, गया जेल

अम्बिकापुर। 15 अगस्त ड्राई डे के दिन संभागीय उड़नदस्ता एवं जिला आबकारी की संयुक्त टीम ने अंग्रेजी शराब हे साथ युवक को गिरिफ्तार किया। टीम ने युवक के पास से 27 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त किया। टीम ने आरोपी युवक को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। 15 अगस्त ड्राई डे के दिन संभागीय आबकारी उड़नदस्ता एवं जिला आबकारी सरगुजा की टीम साथ में अवैध शराब की बिक्री पर रोकथाम हेतु गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बाबूपारा में आनंद सोनी अपने ऑटो से घूम घूमकर शराब की बिक्री कर रहा है और अपने किराए के कमरे में काफी शराब डंप करके रखा है। मुखबिर की सूचना पर तत्काल सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में संभागीय आबकारी उड़नदस्ता एवं जिला आबकारी की टीम बाबू पारा में आनंद सोनी के किराए के मकान में दबिश

देकर दिया तो आनंद सोनी अपने ऑटो से कहीं जाने की तैयारी में था। आनंद सोनी को पकड़ उसके ऑटो से एक बैग में 7 नग 8 नग अंग्रेजी शराब बरामद की गई। टीम ने उसके किराए के मकान जाने पर मकान में रखे फ्रिज से 18 नग बियर तथा कमरे से कुल 27.2 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया। संयुक्त टीम ने शराब जब्त कर आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)34 (2) 59 (क) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई जिला आबकारी अधिकारी इन्द्रबली सिंह मार्कण्डेय एवं एलके गायकवाड़ के निर्देशन पर तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के मार्गदर्शन में आबकारी उप निरीक्षक सौरभ साहू द्वारा की गई। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक टीआर केहरी, आकाश साहू, राहुल भगत, अनिल गुप्ता, प्रिया गुप्ता, सरिता साहू सहित अन्य सक्रिय रहे।

उनका नेतृत्व विदेशी, इसलिए भारत और वंदे मातरम का किया अपमानः भारत

अंबिकापुर। वंदे मातरम गीत को लेकर रविवार को कांग्रेस और भाजपा आमने सामने आ गए। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड्गे, कांग्रेस नेत्री सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर राष्ट्रगान के अपमान का आरोप लगाकर भाजपा ने कांग्रेस कार्यालय का घेराव करने के साथ ही जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

बता दें कि राष्ट्रगीत के कथित अपमान को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन का घेराo किया। घेराव से पूर्व कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय से मशाल रैली निकाली और कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। इस दौरान भाजपा ने घड़ी चौक पहुंचकर वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। इधर भाजपा के विरोध को देखते हुए कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी अपने कार्यालय में डटे हुए थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी अपने कार्यालय के बाहर वंदे मातरम का गायन किया। इस बीच दोनों पक्षों की ओर से जमकर नारेबाजी की गई। घेराव और उग्र प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस द्वारा कार्यालय के चारों तरफ बेरिकेटिंग करने के साथ ही कार्यालय की तरफ जाने वाले रास्ते को बंद कर दिया गया था। कांग्रेस और भाजपा के बीच प्रदर्शन का यह सिलसिला देर शाम तक चला। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में वंदे मातरम का क्या महत्व है यह किसी से छिपा नहीं है। वडे मातरम का गीत गाते गाते कई स्वतंत्रा संग्राम सेनानी फांसी पर चढ़ गए। इसके प्रति हमारी निष्ठा अगाध है। वन्दे मातरम को लेकर देश के संसद ने कानून पास किया है कि किसी भी रूप में पूरा गीत होना चाहिए और इसका सम्मान होना चाहिए लेकिन कांग्रेस के कार्यक्रम में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड्गे द्वारा असहजता दिखाई गई, राष्ट्रगीत का अपमान हुआ। इसलिए हमने कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर वंदे मातरम गीत सुनाया। उन्होंने कहा कि हम जानते है उनके मन में भी वन्दे मातरम के प्रति भक्ति भाव है लेकिन उनका नेतृत्व विदेशी है और इटली से आया हुआ है उनके मन में भाव भारत और वन्दे मातरम के प्रति नहीं इस लिए अपमान किया गया।

कांग्रेस के खून और विरासत में वंदे मातरम : बाल कृष्णा

कांग्रेस जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक ने कहा कि भाजपा को राष्ट्रगान और वन्दे मातरम से कोई मतलब नहीं है। उनके विरासत में राष्ट्रगान और वन्दे मातरम है क्या, कांग्रेस के खून और विरासत में वंदे मातरम है। अंग्रेजों ने उस समय इसको सनातनी बनाकर हिन्दू मुस्लिम में दरार डालने का प्रयास किया था। वही काम आज आज पीएम नरेंद्र मोदी कर रहे है। कांग्रेस और आम जनता के बीच कोई दरार पैदा नहीं कर पाएगा। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने आजादी की लड़ाई के समय जो प्रयास किया तथा वैसा ही दरार डालने का प्रयास बीजेपी, पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह कर रहे है। भाजपा के अंध भक्त है तो ठीक वरना जेन जी, जेन अल्फा और बाकी हम सभी को नक्सली मानसिकता के है क्या। जो देश के शरहद पर पर शहादत देते है वो शहीद होते है, शहीद मरते नहीं, देश के शहीदों का सम्मान नहीं करने वाले को भी सम्मान नहीं मिलेगा।